आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ

● वर्ष- 16 अंक 122- ● जबलपुर ● शुक्रवार, 3 जून, 2022 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष-4 ● विक्रम संवत् 2079 शके 1935

24 घंटे देखे यश भारत डिजिटल न्यूज चैनल
DIGIANA NEWS 91
hathway 598
UCN NEWS HD 81

# घाटी में हालात 1990 से भी डरावने

## हिंदुओं के कत्लेआम से दहशत, पलायन तेज

### टारगेट किलिंग कर रहे आतंकियों के लिए बन गया प्लान अमित शाह और डोभाल की 2 दिन में 2 बैठक

**नई दिल्ली एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर में टारगेट किलिंग के कारण एक बार फिर बचे-खुचे कश्मीरी पंडितों का पलायन शुरू हो गया है। कश्मीर में घाटी में स्थानीय कश्मीरी पंडितों और प्रवासी हिंदुओं की चुन-चुनकर हत्या किए जाने से दहशत फैल गई है। इस साल अब तक 16 लोगों की टारगेट किलिंग हो चुकी है और इन पर रोक न लगने के चलते कश्मीर में काम करने वाले सरकारी कर्मचारियों का पलायन शुरू हो गया है। यही नहीं प्रवासी मजदूर और बड़ी संख्या में ट्रांजिट कैंपों में रह रहे कश्मीरी पंडित भी घाटी छोड़ रहे हैं। कई कर्मचारियों ने तो बिगड़ते हालातों को लेकर कहा कि स्थिति अब 1990 से भी खराब हो चुकी है। ऐसे में यहां रुकना खतरे से खाली नहीं है। पीएम रिलीफ पैकेज के तहत काम करने वाले सरकारी कर्मचारी अपने सामान को भरकर किसी तरह जम्मू और अन्य सुरक्षित स्थानों पर पहुंच रहे हैं। स्थिति की गंभीरता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि गृह मंत्री अमित शाह लगातार दूसरे दिन उच्चस्तरीय बैठक करने जा रहे हैं। सरकार ने टारगेट किलिंग कर रहे आतंकियों से निपटने के लिए एक पुख्ता प्लान की रूपरेखा भी तैयार कर ली है।घाटी में आतंकी चुन-चुनकर कश्मीरी पंडित, गैर-




**अब तक 18 को मार चुके हैं आतंकी**

कश्मीरी हिंदुओं और वतनपरस्त मुस्लिमों की हत्याएं कर रहे हैं। 3 दिनों में 3 हिंदुओं की हत्या हो चुकी है। घाटी में इस साल अबतक 18 टारगेट किलिंग हो चुकी है। एक के बाद एक इन घटनाओं से 90 के दशक के भयावह दौर की यादें ताजा हो चुकी हैं। जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा बलों ने आतंकियों के सफाये के लिए एंटी-टेरर ऑपरेशन तेज किया है। इसके अलावा 2019 में आर्टिकल 370 के तहत राज्य को मिले विशेष दर्जे को खत्म किए जाने के बाद जम्मू-कश्मीर में हालात सामान्य होने और पाकिस्तान-प्रायोजित आतंकवाद के खिलाफ स्थानीय स्तर पर उठती आवाज से आतंकी बौखलाए हुए हैं। इसी बौखलाहट में वे टारगेट किलिंग कर रहे। विजय कुमार की हत्या के बाद गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को दिल्ली में एनएसए अजीत डोभाल और रॉ चीफ सामंत गोयल के साथ बैठक की। अमरनाथ यात्रा की सुरक्षा और जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा की स्थिति की समीक्षा के लिए शाह की एलजी मनोज सिन्हा के साथ शुक्रवार को बैठक प्रस्तावित थी लेकिन उससे एक दिन पहले ही उन्होंने एनएसए के साथ मीटिंग कर एंटी-टेरर स्ट्रैटिजी पर चर्चा की।

## बडगाम में 2 प्रवासियों पर फायरिंग, 1 की मौत

**श्रीनगर,एजेंसी।** कश्मीर में टारगेट किलिंग का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। गुरुवार सुबह राजस्थान के रहने वाले एक बैंक मैनेजर की हत्या के बाद देर रात आतंकियों ने बडगाम में दो गैर कश्मीरियों पर भी गोलियां बरसाईं हैं। इसमें बिहार के रहने वाले दिलखुश की इलाज के दौरान मौत हो गई। वहीं पंजाब निवासी गोरिया की हालत स्थिर बताई जा रही है।पुलिस के मुताबिक, बडगाम जिले के मगरेपोरा इलाके में दो प्रवासी मजदूरों पर अज्ञात हमलावर ने फायरिंग की जिसमें एक के कंधे में और दूसरे के हाथ में गोली लगी थी। इन्हें फौरन अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान खुशदील ने दम तोड़ दिया। वहीं पंजाब के गुरुदासपुर के रहने वाले गोरिया का इलाज जारी है।



**गोवा से हैदराबाद जा रही बस में भीषण आग**

## 7 यात्री जिंदा जले

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कर्नाटक के कलबुर्गी में भीषण सड़क हादसा हुआ है। गोवा से हैदराबाद जा रही बस में आग लगने से 7 लोगों की मौत हो गई है। 29 लोग घायल हैं। मृतकों की संख्या बढ़ सकती है। बस में एक ही परिवार के 32 लोग सवार थे जो पिकनिक मनाकर गोवा से लौट रहे थे। जानकारी के मुबातिक, हादसा सुबह चार बजे हुआ। फ्लायओवर पर एक ट्रक दुर्घटनाग्रस्त होकर नीचे गिर गया। ट्रक का डीजल सड़क पर फैला, उसमें आग लगी और बस भी चपेट में आ गई। एसी बस होने के कारण लोगों को बचने का मौका नहीं मिला। मृतक संख्या बढ़ सकती है। घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

### गणपति घाट पर कैमिकल से भरे ट्राले में लगी है आग

गुजरी, धार,एजेंसी । धार जिले के राऊ-खलघाट फोरलेन के गणपति घाट पर हादसे थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। घाट पर वाहनों के ब्रेक फेल होने से प्रतिदिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। घाट पर गुरुवार व शुक्रवार मध्य रात्रि को फिर एक और हादसा हो गया। घाट चढ़ रहे ट्राले के ब्रेक फेल होने से वह अनियंत्रित होकर पीछे चल रहा दूसरे ट्राले को टक्कर मारते हुए डिवाइडर कूद घाट चढ़ने वाली लेन जा पहुंचा। जहां ट्राले में कुछ देर बाद उसमें आग लग गई। आग पर काबू पाने की दो फायर बिग्रेड की मदद से कोशिश की गई, किंतु आग पर काबू सुबह तक नहीं पाया जा सका।जानकारी अनुसार धामनोद कि तरफ से आकर घाट चढ़ रहा ट्राला क्र. जीजे 34 टि 6069 के ब्रेक फेल होने से ट्राला अनियंत्रित होकर रिवर्स आकर पीछे चल रहा दूसरा ट्राला क्र. आरजे 11 जीबी 3101 को जोरदार टक्कर मारते हुए ब्रेक फेल ट्राला डिवाइडर कूदकर घाट चढ़ने वाली लेन पार कर ढाबे के पास जाकर खड़ा हो गया।



**16 महीने की बेटी के यौन उत्पीड़न - हत्या**

## माता-पिता को फांसी की सजा

**सोलापुर,एजेंसी।** महाराष्ट्र के सोलापुर में एक 16 महीने की बच्ची के यौन उत्पीड़न के आरोप में उसके माता-पिता को गुरुवार को फांसी की सजा सुनाई गई। यौन उत्पीड़न करने के बाद पिता ने उसका गला दबाकर हत्या कर दी थी।बच्ची का शव मिलने के बाद पुलिस ने जनवरी में पिता के खिलाफ यौन उत्पीड़न और मां के खिलाफ हत्या में भागीदारी का केस दर्ज किया था। मामले की सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट में हुई और सिर्फ 5 महीने में अदालत ने यह फैसला दिया है।रिश्तों को शर्मसार करने वाली यह वारदात सिकंदराबाद शहर में 3 जनवरी 2022 को हुई थी। बेटी को मारने के बाद पति-पत्नी सिकंदराबाद-राजकोट एक्सप्रेस ट्रेन से शव को ठिकाने लगाने ले जा रहे थे। दोनों को संदेहास्पद स्थिति में देख किसी यात्री ने रेलवे पुलिस को इसकी सूचना दे दी और इस मामले का खुलासा हुआ। दोनों के खिलाफ क्कह्रष्टस्ह्र एक्ट में मामला दर्ज किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए सोलापुर सेशन कोर्ट ने इसे फास्ट ट्रैक कोर्ट में ट्रांसफर किया था । आरोपी धोलाराम बिश्नोई और पुनीकुमारी बिश्नोई को पुलिस ने 4 जनवरी 2022 को अरेस्ट किया था। इस मामले में सिर्फ 9 दिनों के भीतर 31 गवाहों के बयान दर्ज किए गए। इनमें से एक महिला गवाह ने नेपाल से सोलापुर आकर पति-पत्नी के खिलाफ बयान दिया था। सरकारी पक्ष ने इस मामले को बेहद गंभीर और क्रूर करार दिया था। उन्होंने मांग की थी कि एक माता-पिता की ऐसी हरकत पर कोर्ट को दया नहीं दिखानी चाहिए। सबूतों और गवाहों के बयान सुनने के बाद गुरुवार को अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश यू.एस. एल जोशी ने दोनों को मौत की सजा सुनाई है।









## विवेक तन्खा, सुमित्रा बाल्मीक, कविता पाटीदार निर्विरोध राज्यसभा सदस्य

**जबलपुर, यशभारत।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता विवेक कृष्ण तन्खा, जबलपुर नगर निगम की पूर्व अध्यक्ष सुमित्रा बाल्मीक और भोपाल की भाजपा राज्यसभा उम्मीदवार कविता पाटीदार निर्विरोध निर्वाचित हुई है। उल्लेखनीय है कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने मध्यप्रदेश से आगामी राज्यसभा चुनाव के लिए दो नए चेहरों कविता पाटीदार और सुमित्रा वाल्मीकि को अपना उम्मीदवार बनाया था जबकि कांग्रेस ने विवेक तन्खा को राज्यसभा के लिए भेजा था। आज नामांकन पत्रों की जांच में तीनों के नामांकन सही पाए गए है। इनमें देश के जाने माने अधिवक्ता और निर्वतमान सांसद विवेक कृष्ण तन्खा लगातार दूसरी बार राज्यसभा सदस्य निर्वाचित हुए हैं। गौरतलब है कि प्रदेश के कोटे की तीनों सीटों के लिए एक-एक नामांकन पत्र ही जमा हुआ था। विधानसभा सदस्यों की संख्या मुताबिक कांग्रेस को 1 और एवं भाजपा को 2 सीटे मिलना पहले से ही तय था। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि कांग्रेस के एक सदस्य और भाजपा के दो सदस्यों का कार्यकाल समाप्त होने की वजह से ये सीटें रिक्त हो रही थी। स्मरण रहे कि जबलपुर का प्रतिनिधित्व अब तीन सांसद करेंगे। इनमें राकेश सिंह, विवेक कृष्ण तन्खा और सुमित्रा बाल्मीकि तीनों जबलपुर से ही है।

**जबलपुर से अब तीन सांसद**

### वडोदरा की नाइट्रेट फैक्टी में ब्लास्ट

## प्लांट के 3 बॉयलर में लगातार 8 धमाके हुए, 15 कर्मचारी घायल

**वडोदरा,एजेंसी।** गुजरात के वडोदरा जिले के नंदेसरी इलाके में दीपक नाइट्रेट नाम की एक कंपनी में गुरुवार दोपहर जबरदस्त ब्लास्ट हुआ। इसके बाद यहां भीषण आग लग गई। हादसे में 15 कर्मचारी घायल हैं। रेस्क्यू के लिए फायर ब्रिगेड की टीम भी मौके पर मौजूद है। आग पर काबू पाने की कोशिश जारी है। हादसे के चलते वडोदरा हाईवे बंद कर दिया गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि धमाका इतना जोरदार था कि इसकी आवाज 10 किलोमीटर दूर तक सुनी गई। फायर ब्रिगेड के एक कर्मचारी के अनुसार ब्लास्ट एक बॉयलर में हुआ था। इसके बाद आग पूरे प्लांट में फैल गई और इसकी चपेट में आकर कई दो अन्य बॉयलर भी फट गए। लोगों ने बताया कि एक के बाद एक लगातार 8 धमाके सुने गए। इससे पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। फैक्ट्री में लगी आग इतनी भीषण है कि फायर ब्रिगेड की 15 गाड़ियां आग बुझाने में लगाई गई हैं। फिलहाल फैक्ट्री के बाहरी हिस्से की आग पर काबू पा लिया गया है। अभी भी प्लांट के अंदर कई जगह आग धधक रही है। कंपनी के बाहर एंबुलेंस भी तैयार रखी गई हालात बेकाबू होने के चलते फायर ब्रिगेड टीम ने ब्रिगेड कॉल जारी कर दी है। आग पर अभी तक काबू नहीं पाया जा सका है और ऊंची-ऊंची लपटें उठ रही हैं। कंपनी के बाहर दो-तीन एंबुलेंस भी तैयार रखी गई हैं। इसके अलावा सयाजी अस्पताल में 15 डॉक्टरों सहित 25 लोगों की टीम भी तैयार रखी गई है।





## उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी ने चंपावत उपचुनाव जीता

**देहरादून।** उत्तराखंड की चंपावत विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव के रिजल्ट आ गए हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस सीट से 54 हजार वोट से जीत हासिल की है।। उन्होंने कांग्रेस उम्मीदवार निर्मला गहतोड़ी, सपा उम्मीदवार मनोज कुमार और निर्दलीय उम्मीदवार हिमांशु गरकोटी को पछाड़ते हुए जीत का परचम लहराया है। जीत के बाद धामी ने कहा-ऐतिहासिक मतदान हुआ है और मतगणना के बाद भी इतिहास बनेगा। मैं चंपावत की जनता का आभारी हूं, जो इतना समर्थन किया। चंपावत में विकास की आपार संभावनाएं है। उन सभी संभावनाओं पर विचार करेंगे।

## राहुल गांधी ने काटा राज्यसभा से पत्ता, सोनिया ने बुलाया

# गुलाम नबी आजाद ने ठुकराया

## कांग्रेस में नंबर-2 बनने का प्रस्ताव

**,नई दिल्ली,एजेंसी।** कांग्रेस ने हाल ही में राज्यसभा चुनाव को लेकर जो उम्मीदवारों की लिस्ट जारी की थी, उसमें गुलाम नबी आजाद का नाम नहीं था। इंदिरा गांधी के साथ अपनी राजनीतिक पारी की शुरुआत करने वाले वरिष्ठ कांग्रेसी नेता इससे नाराज चल रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक, उन्होंने सोनिया गांधी से मुलाकात की और कांग्रेस में दूसरे नंबर पर काम करने से इनकार कर दिया है। कहा जा रहा है कि राज्यसभा के लिए उम्मीदवार घोषित करने से पहले सोनिया गांधी ने आजाद से मुलाकात की और उनसे बात की थी। उनके लिए कांग्रेस की योजना के बारे में बताया गया। सूत्रों के मुताबिक सोनिया गांधी से बातचीत में उन्होंने राज्यसभा चुनाव के बारे में बात नहीं की लेकिन आजाद से पूछा कि क्या वह संगठन में नंबर दो के पद पर काम करने में सहज महसूस करेंगे। इस सवाल के जवाब में आजाद ने कहा, ज्आज पार्टी चलाने वाले युवाओं और हमारे बीच एक पीढ़ी का अंतर आ गया है। हमारी सोच और उनकी सोच में फर्क है। इसलिए युवा पार्टी के दिग्गजों के साथ काम करने को तैयार नहीं हैं।ज्ज आपको बता दें कि आजाद पिछले कुछ दिनों से बीमार हैं और उन्हें अस्पताल में भर्ती भी कराया गया था।



**राहुल ने लिया प्रतापगढ़ी को राज्यसभा भेजने का फैसला** दरअसल, पार्टी ने युवा नेतृत्व के उत्थान की दिशा में काम करते हुए पार्टी की अल्पसंख्यक शाखा के अध्यक्ष इमरान प्रतापगढ़ी को राज्यसभा भेजने का फैसला किया। सूत्रों ने कहा कि यह फैसला राहुल गांधी ने लिया था, जिस पर सोनिया गांधी सहमत थीं। चूंकि कांग्रेस अल्पसंख्यकों को टिकट नहीं दे सकी, इसलिए सोनिया गांधी ने आजाद को संगठन में शामिल करने के लिए कहा। **आजाद के जाने से बिगड़ता समीकरण?** आजाद के राज्यसभा जाने से राज्यसभा जाने से कांग्रेस नेतृत्व को समीकरण बिगड़ने की आशंका होगी। वर्तमान में, मल्लिकार्जुन खड़गे विपक्ष के नेता हैं, यह पद पहले आजाद के पास था। आजाद के रिटायर होने के बाद खड़गे को विपक्ष का नेता नियुक्त किया गया था। आजाद वर्तमान में पार्टी की कार्यकारी समिति के सदस्य हैं और हाल ही में सोनिया गांधी द्वारा गठित राजनीतिक मामलों के समूह के सदस्य हैं।

## 13 जून को ED के सामने पेश होंगे राहुल गांधी

नई दिल्ली। नेशनल हेराल्ड केस में राहुल गांधी को अब 13 जून को प्रवर्तन निदेशालय के सामने पेश होना है। श्वष्ठ ने राहुल और सोनिया को समन भेजा था। इसके बाद राहुल गांधी ने जांच एजेंसी से नई डेट मांगी थी। इसी मामले में सोनिया गांधी को 8 जून को जांच में शामिल होना है। सोनिया अभी कोरोना पॉजिटिव हैं, लेकिन कांग्रेस ने साफ कर दिया है कि वे श्वष्ठ के सामने पेश होंगी।





### अब प्रियंका भी कोरोना पॉजिटिव

नई दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी के बाद प्रियंका गांधी भी कोरोना का चपेट में आ गई हैं। प्रियंका ने कहा कि उन्हें कोरोना के हल्के लक्षण हैं। कांग्रेस महासचिव प्रियंका ने खुद को आइसोलेट कर लिया है। उन्होंने मुलाकात करने वालों को सलाह दी है कि वे भी सभी जरूरी प्रोटोकॉल का पालन करें। इससे पहले 1 जून को सोनिया की रिपोर्ट पॉजिटिव आई थी। वे इसी दिन सेवादल के कार्यक्रम गौरव यात्रा में शामिल हुई थीं।



## LPG गैस सिलेंडर पर सब्सिडी सीमित

**नई दिल्ली,एजेंसी।** रसोई गैस सिलेंडर के उपभोक्ताओं के लिए यह काम की खबर है। असल में, केंद्र सरकार ने एलपीजी सिलेंडर पर मिलने वाली सब्सिडी को सीमित कर दिया। अब लाखों उपभोक्ताओं को बाजार मूल्य का भुगतान करना पड़ेगा। उज्जवला योजना के तहत फ्री कनेक्शन पाने वाली गरीब महिलाओं और अन्य लाभार्थियों को ही अब सब्सिडी मिलेगी। तेल सचिव पंकज जैन ने कहा, जून 2022 से रसोई गैस पर सब्सिडी नहीं दी जाती। वहीं सब्सिडी दी जाती है, जिसकी घोषणा वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने 21 मार्च को की थी। उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी के शुरुआती दिनों से एलपीजी उपयोगकर्ताओं के लिए कोई सब्सिडी नहीं थी। तब से केवल वही सब्सिडी है, जो अब उज्जवला लाभार्थियों के लिए पेश की गई थी।केंद्रीय वित्तमंत्री सीतारमण ने कहा कि उज्जवला योजना के लाभार्थियों को प्रति वर्ष 12 सिलेंडर के लिए 200 रुपए प्रति सिलेंडर सब्सिडी मिलेगी। वित्तमंत्री ने पेट्रोल और डीजल में कटौती की घोषणा करते हुए इसकी जानकारी दी थी।

**अब लाखों उपभोक्ताओं को बाजार मूल्य का भुगतान करना पड़ेगा**

# ले. जनरल एम के दास मध्य भारत एरिया के कमांडर



**जबलपुर यशभारत।** ले. जनरल एम के दास, परम विशिष्ठ सेवा मेडल, सेना मेडल बार, विशिष्ठ सेवा मेडल ने मध्य भारत एरिया की कमान कल 02 जून 2022 को सम्भाली। आप एविंग क्रिश्चियन कालेज इलाहाबाद के पूर्व छात्र रहे है । 11 जम्मू व कश्मीर लाईट इफेंट्री बटालियन में 14 जुन 1986 को कमीशन प्राप्त किया। वे श्री लंका मे आपरेशन पवन के महत्वपुर्ण हिस्सा रहे है इस हेतु सेना मेडल से नवाजा गया। उन्होंने विभिन्न चुनौतीपुर्ण क्षेत्र जैसे भारत की नियंत्रण रेखा सेंट्रल सेक्टर के उच्चतुंगता क्षेत्र अरुणाचल प्रदेश व उत्तरी सिक्किम जैसे कठिनतम क्षेत्रों में सेवाएं दी है। डिफेंस सर्विस स्टाफ कालेज वेलिंगटन आर्मी वार कालेज व नेशनल डिफेंस कालेज जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों के स्नातक रहे है। युनिट को चुनौतीपुर्ण काउंटर इंसजेंसी आपरेशन में आपरेशन रायनो के दौरान बोड़ो समझौता व एन डी एफ बी के साथ युद्ध विराम जैसे महत्वपुर्ण पहलुओं हेतु दूसरी बार सेना मेडल से नवाजा गया।ले.जन.दास ने विभिन्न अनुदेशात्मक व स्टाफ नियुक्तियों जैसे इफेंट्री स्कूल महू में प्रशिक्षक, आफिसर ट्रेनिंग एकेडमी चैन्नई में प्रशासनिक अधिकारी सेना सचिव शाखा एवम अतिरिक्त महानिदेशक कार्मिक (निति व योजना) जैसे महत्वपुर्ण पदो को सुशोभित किया है।वे असम रायफल सेक्टर व पाईन डिविजन के जनरल आफिसर कमांडिंग भी रह चुके है। सेना में अतुलनीय योगदान के लिये 26 जनवरी 2022 को परम विशिष्ठ सेवा मेडल से नवाजा गया है।



# लेफ्टिनेंट जन.महल ने ओएफके का दौरा किया

**जबलपुर यशभारत।** म्युनिशन इंडिया लिमिटेड के तहत आने वाली आयुध निर्माणी खमरिया में गत दिवस लेफ्टिनेंट जनरल सुरेंदर सिंह महल एवीएसएम ,वीएसएम ,जीओसी इन चार्ज एआरटीआरएसी ने गत दिवस दौरा किया।निरीक्षण दौरे के दौरान लेफ्टिनेंट जनरल महल ने निर्माणी के प्रदर्शनी कक्ष एवं उत्पादन अनुभागो का सूक्ष्मता से अवलोकन किया। ,इस दौरान निर्माणी के महाप्रबंधक एस.के.सिन्हा एवं डी.जी.एम.मनीष च्वानके डी.जी.एम.आर. के. बेहरा आदि उनके साथ उपस्थित थे। श्री महल ने निर्माणी में बनने वाले उत्पादों एवं उत्पादन में उपयोगी नई तकनीक को देखकर खुशी जाहिर की। साथ ही उन्होंने कहा इस तरह की उन्नतशील तकनीक आने वाले समय में म्यूनिशन इंडिया लिमिटेड एवं आयुध निर्माणी खमरिया के लिए मील का पत्थर साबित होंगी!

# विकल्पा विश्वकर्मा आई ए एस में चयनित



**जबलपुर, यश भारत।** यदि किसी चीज को पाने के लिए पूरी मेहनत , ईमानदारी व लगन से प्रयास किया जाए तो उसे बड़ी आसानी से प्राप्त किया जा सकता है । इसका उदाहरण देखने मिला जब विगतदिनों आई ए एस की परीक्षा परिणाम घोषित हुए जिसमें बरगी निवासी शरमन विश्वकर्मा व उमा विश्वकर्मा के छोटे भाई नंदलाल विश्वकर्मा की सुपत्री विकल्पा विश्वकर्मा ने 275 वी रेंक प्राप्त कर यह सफलता प्राप्त की । विदित हो श्री नंदलाल विश्वकर्मा वर्तमान में पुणे में ए आर डी सेल में जूनियर इंजीनियर के पद पर कार्यरत है । विकल्पा ने बताया कि उसका लक्ष्य आई ए एस आ ऑफिसर बनना था जिसे उसने अपने माता पिता, व गुरुजनों के मार्गदर्शन से प्राप्त किया है ,विकल्पा की इस उपलब्धि पर उनके परिजनों व सुरेश सोनी, बमबम तिवारी विकास खन्ना , अरविंद दुबे, दिनेश पटेल आदि ने अपनी शुभकामनाये प्रेषित की है ।



वीर शिरोमणि की जयंती पर विशाल शौर्य यात्रा निकाली

# महाराणा प्रताप क्षत्रिय वंश के आदर्श हैं : शैलेन्द्र सिंह



जबलपुर,यशभारत। क्षत्रिय कुल भूषण वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की 483 वी जयंती पर अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा एवं क्षत्रिय राजपूत समाज के तत्वावधान में विशाल शौर्य यात्रा सिविक सेंटर से निकाली गयी । शुभारंभ अवसर पर जगतगुरु राघव देवाचार्य ,ब्रह्मचारी स्वामी चैतन्यानंद महाराज ,पूर्व वित्त मंत्री तरुण भनोट ,पूर्व मंत्री लखन घनघोरिया ,विधायक विनय सक्सेना, नगर कांग्रेस अध्यक्ष जगत बहादुर सिंह अन्नू एवं प्रदेश अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह ने गुब्बारे उड़ाकर शांति का संदेश दिया ।शौर्य यात्रा में बड़ी संख्या में क्षत्रिय बंधु एवं क्षत्राणी मातृशक्ति बड़ी संख्या में शामिल थी । शौर्य यात्रा सिविक सेंटर, मालवीय चौक, नगर निगम चौक होते हुए प्रतिमा स्थल पहुंची द्यशौर्य यात्रा में महाराणा प्रताप, वीर शिवाजी, महाराजा छत्रसाल की जीवंत झांकी अश्व पर सवार थी । बैंड बाजे धमाल की धुन के बीच सजी हुई बग्घियों में अन्य झांकियां थी । शौर्य यात्रा समापन पर महाराणा प्रताप परिसर नगर निगम के सामने क्षत्रिय समाज का समागम हुआ। प्रदेश अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह मैं अपने उद्बोधन में कहा कि महाराणा प्रताप क्षत्रिय वंश के आदर्श हैं , हमें गर्व है कि ऐसे वीर प्रजाति ने क्षत्रिय कुल का गौरव बढ़ाया । शौर्य यात्रा में श्रीमती सुशीला सिंह ,श्रीमती माला सिंह, यामिनी सिंह , सीमा सिंह आराधना सिंह चौहान तनु श्री राधे , रज्जन सिंह, कुलदीप सिंह, प्रहलाद सिंह, मनोज भदोरिया, दिलीप सिंह , विनोद सिसोदिया , रजनीश सिंह ,सुरेंद्र सिंह, अशोक जैन, सौरभ सिंह ,पुष्पेंद्र सिंह, रंजीत सिंह, हरीश सिंह एवं करणी सेना के समस्त पदाधिकारी उपस्थित थे । महाराणा प्रताप की जयंती पर उनकी शौर्य गाथा को प्रदर्शित करती हुई क्षत्रिय महासभा द्वारा शौर्य यात्रा का आयोजन किया गया। जिसका स्वागत अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के प्रदेश अध्यक्ष चमन श्रीवास्तव एवं कायस्थ समाज द्वारा भव्य स्वागत करते हुये पानी एवं आईसक्रीम का वितरण किया गया। कार्यक्रम में डॉ0 जे.एन. खरे अनूप वर्मा, अजीत श्रीवास्तव, नवनीत श्रीवास्तव, अजय रायजादा, डॉ शरद श्रीवास्तव, देवेन्द्र श्रीवास्तव, भानू श्रीवास्तव, दीप्ति श्रीवास्तव, मीना श्रीवास्तव, डॉ0 रेनू श्रीवास्तव, नीता सिन्हा, सीमा खरे, राकेश श्रीवास्तव, हरिराम खरे, संतोष श्रीवास्तव, गणेश खरे, पुनीत सक्सेना, राजेश श्रीवास्तव, मानवेन्द्र सिंह, अजय वर्मा, अमरचंद बावरिया, संतोष विनोदिया, राघवेन्द्र श्रीवास्तव, आदि उपस्थित रहे।

## जबलपुर नगर केशरवानी वैश्य सभा का युवक युवती परिचय सम्मेलन शपथ ग्रहण समारोह

# संपूर्ण समाज को एक सूत्र में पिरोने का लिया संकल्प

**जबलपुर यशभारत।** नगर केशरवानी वैश्य सभा के सम्मेलन में देश भर से आए 350 युवक एवं युवतियों ने अपने परिवार सहित केसरवानी मंच से अपना परिचय प्रस्तुत किया ,साथ ही ऑनलाइन वीडियो कॉलिंग के माध्यम से भी 105 युवक एवं युवतियों ने इस परिचय सम्मेलन में अपनी सहभागिता दी। इनमें लगभग 35 विवाह इस परिचय सम्मेलन के माध्यम से तय हुए । समापन पूर्व नगर केशरवानी वैश्य सभा एवं नगर केशरवानी वैश्य महिला सभा की नवीन कार्यकारिणी में अध्यक्ष गोरे केसरवानी,महामंत्री डा.नीरज केसरवानी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विनय केसरवानी, संगठन मंत्री राजकुमार केसरवानी, कोषाध्यक्ष राजेश केसरवानी ,महिला सभा से अध्यक्ष श्रीमती अनीता केसरवानी , वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमती अर्चना, महामंत्री मंजूक, कोषाध्यक्ष



श्रीमती अल्का के साथ अन्य पदाधिकारियों व कार्यकारणी सदस्यों को समाज के संविधान की शपथ अखिल भारतीय अध्यक्ष राजीव गुप्ता एवं प्रदेश के अध्यक्ष अनिल गुप्ता के द्वारा दिलायी गई । इस अवसर पर नगर केशरवानी वैश्य सभा के पूर्व महामंत्री राम कुमार और संरक्षक वीरेंद्र केसरवानी, मध्य प्रदेश केसरवानी वैश्य महिला संभागीय अध्यक्ष विनीता केसरवानी , महामंत्री सुरेखा , संरक्षिका श्रीमती निधि गुप्ता एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री मध्यप्रदेश शासन शरद जैन , लखन घनघोरिया , प्रभात साहू ,शरद अग्रवाल आदि उपस्थित रहे। समाज के लिये विशिष्ट सहयोग करने के लिये अनेक परिवारों का सम्मान किया गया । विनोद , मुकेश , श्याम, सुरेश , विवेक सदर, गोपालदास आदि का श्री लडडू गोपाल की मूर्ती प्रतीक स्वरूप देकर सममानित किया गया । कार्यक्रम के अंत मे आयोजन को सफल बनाने में जबलपुर के साथ साथ अन्य शहरों से पधारे सभी स्वजातीय परिवारों का , प्रदेश एवमं राष्ट्रीय नेतृत्व का, कार्यक्रम में तन,मन,धन से सहयोग प्रदान करने वाले, सभी महिला सभा, तरुण सभा के सदस्यों का, जिला चिकित्सालय का, पुलिस प्रशासन का धन्यवाद ज्ञापित किया गया ।

## गंभीर रोगों वाले लोक सेवकों को चुनाव से मुक्त रखा जाये

# पति/पत्नी में से किसी एक की ही लगे ड्यूटी

जबलपुर,यशभारत। म0प्र0 तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ ने मांग की है कि त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव में चुनावी अमले के लोक सेवक जो गंभीर बीमारियों से ग्रसित हैं, जैसे हृदय रोग, कैंसर, रक्तचाप, गंभीर मघुमेय, लकवा, ब्रेन ट्यूमर, किडनी रोग, डायलेसिस के साथ-साथ अस्थाई द्विव्यांगता से पीड़ित हैं साथ ही गत वर्ष कोरोना जैसे वैश्विक बीमारी की चपेट में आकर गंभीर रूप से ग्रसित हुए लोक सेवकों को चुनावी कार्य से दूर रखा जाए, क्योंकि ऐसे कर्मचारी को अपने परहेजी सादे खान-पान के साथ ही समय पर दवाईयों पर आश्रित रहना पडता है एवं जिन्हें कभी भी चिकित्सा सुविधा की आवश्यकता पड़ सकती है को चुनावी मतदान दल से मुक्त रखा जावे ताकि जिससे मतदान दल के अन्य सदस्यों को चुनाव कार्य संपन्न कराने में परेशानी न हो । तथा ऐसे पति/पत्नी दोनो ही लोक सेवक हो उनमें से किसी एक की ही चुनावी डयूटी लगाई जानी चाहिए जिससे पारिवारिक दायित्वों का निर्वहन हो सके। संघ के योगेन्द्र दुबे, अर्वेन्द्र राजपूत, अवधेश तिवारी, नरेन्द्र दुबे, अटल उपाध्याय, जवाहर केवट,नरेन्द्र सेन, मनोज राय (द्वय) शहजाद द्विवेदी, रजनीश पाण्डे, अजय दुबे, कैलाश शर्मा, लक्षमण परिहार, हर्षमनोज दुबे, के.जी.पाठक, हरिशंकर गौतम, अरूण दुबे, विनोद साहू, बलराम नामदेव, मुन्ना लाल पटैल, अजय राजपूत, मुकेश सिंह, मिर्जा मन्सूर बेग, योगेन्द्र मिश्रा, राजेश चतुर्वेदी, मनोज खन्ना, आलोक वाजपेयी, वीरेश शर्मा, आलोक अग्निहोत्री, दुर्गेश पाण्डे, ब्रजेश मिश्रा, श्याम नारायण तिवारी, मनीष लोहिया, मनीष शुक्ला, आदि ने आयुक्त मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग से मांग है कि गंभीर बीमारी से ग्रसित लोक सेवकों को चुनाव डयूटी से मुक्त रखा जाये तथा पति/पत्नी में से किसी एक की ही चुनाव डयूटी लगाई जावे।

# शहीदी दिवस पर आज गोरखपुर में दिन भर आयोजन

## गुरुवाणी शबद कीर्तन गूंजा



**जबलपुर,यशभारत।** सिख धर्म के पांचवे गुरु अर्जन देव जी का पवित्र शहीदी दिवस कार्यक्रम आज पूर्ण आस्था और श्रद्धा के साथ मनाया जा रहा है। गोरखपुर गुरुद्वारा में प्रातः 10:00 बजे से कार्यक्रम शुरू हुए । स्त्री सत्संग सभा गोरखपुर एवं रागी जत्था भाई बलजीत सिंह के कीर्तन के उपरांत सुविख्यात रागी जत्था भाई चमनजीत सिंह लाल नई दिल्ली गुरुवाणी शबद कीर्तन किया । आज प्रातः 9-00 बजे फ्लाइट से उनका नगर आगमन हुआ। श्री दरबार साहिब अमृतसर पंजाब के गुरु वाणी मीमांसा ज्ञानी सतवंत सिंह का कथा प्रवाह दोपहर 12:00 बजे से आरंभ हुआ। गुरु का लंगर प्रातः 11:00 बजे आरंभ हुआ जो दिन भर चलेगा। आज रात का कीर्तन दरबार रात्रि 7:00 से रात्रि 12:00 बजे तक चलेगा प्रधान राजेंद्र सिंह छाबड़ा हरजीत सिंह सुदन परमवीर सिंह सैनी एन पी जस्सल गुरदीप सिंह सलूजा सोनू एवं आयोजन समिति ने साध संगत से उपस्थिति की अपील की है इस मौके पर नगर के विभिन्न क्षेत्रों में मीठी लस्सी छबील के स्टाल भी लगाए गए थे।





# ओएफके सोसायटी प्रबंधन के 6सदस्यों का इस्तीफा

**जबलपुर यशभारत।** ओएफके को आपरेटिव सोसायटी में लंबे समय से चली आ रही खींच तान के बाद मुद्दों का कोई हल नहीं निकलता देख प्रबंध कार्यकारिणी के11सदस्यों में से6सदस्यों ने विभिन्न आरोप लगाते हुए अपना इस्तीफा दे दिया है।इस्तीफा देने वालों में उपाध्यक्ष संतोष चौधरी सदस्य अनिल अग्रवाल राजेंद्र प्रसाद मीणा वीरेंद्र कुमार प्रियंका ठाकुर और खुशबू ने आरोप लगाया है कि सोसायटी को दो करो? का लाम होने के बाद भी सदस्यों को न्यूनतम पांच फीसदी लाभांश दिया जा रहा है।अन्य निर्माणियों की समितियां10लाख तक ऋण दे रही हैं।लेकिन ओएफके सोसायटी मात्र सात लाख लोन दे रही हैं।पुराने कर्मचारियों को अभी तक नियमित नहीं किया गया।लेकिन नेता पुत्रों को स्थाई नियुक्तियां दे दी गई हैं।शहर के सभी पेट्रोल पंप मुनाफे में चल रहे हैं।लेकिन यहां का पेट्रोल पंप करोड़ों रुपये के घाटे में क्यूं चल रहा है।इसी तरह गैस सिलेंडर की बिक्री में खूब घालमेल किया जा रहा है।

# डिस्पेंसरियों में सुचारू हुआ बुजुर्गों का इलाज

## सीजीएचएस कर रहा अतिरिक्त व्यवस्था नहीं होगी परेशानी

जबलपुर यशभारत।लंबे जद्दोजहद के बाद सीजीएचएस डिस्पेंसरियों की सभी लाइनें सुधार दी गई हैं।आज शुक्रवार से सभी डिस्पेंसरियों में मरीजों का आन लाइन पंजीकरण और इलाज शुरू हो गया है।भविष्य में अब ऐसी कोई परेशानी न हो इसके लिए अतिरिक्त व्यवस्थाएं की जा रही है।सीजीएचएस कार्यालय में इन व्यवस्थाओं के देखने वाले प्रभारी अभिषेक गोस्वामी ने बताया कि नेट सेवा प्रदाता कंपनी से लगातार संपर्क कर सुधार करा दिया गया है।भविष्य में बुजुर्ग लाभार्थियों को कोई परेशानी न हो इसके लिए सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में अतिरिक्त लाइन डालना शुरू हो गया है।जल्द ही वायरलेस के साथ अन्य लाइनों पर काम किया जा सकेगा। उल्लेखनीय है कि विगत सप्ताह से बाधित हुई सेवा को लाभार्थियों में हाहाकार मचा था।इस संबंध में सीडब्ल्यूए के अध्यक्ष सुभाष चंद्रा ने विशेष रूप से यशभारत मे प्रकाशित समाचार के साथ अन्य अखबारों की कतरनों को स्वास्थ्य मंत्रालय से लेकर प्रधानमंत्री कार्यालय तक भेज कर अव्यवस्थाओं से अवगत कराया था ।जिसको लेकर ऊपर से लगातार फालोअप मांगा जा रहा था।भारतीय वरिष्ठ नागरिक एसोसिएशन के अध्यक्ष आर एस तिवारी ने भी अपर महानिदेशक से चर्चा कर जल्द से जल्द व्यवस्था सुधार की मांग की थी।

## जबलपुर की गौरव अर्जुन अवॉर्डी सुश्री मधु यादव का सम्मान

# माता -पिता का सेवा ही भगवान की सेवा

**जबलपुर,यशभारत। पश्चिम मध्य रेलवे में वरिष्ठ खेलकूद अधिकारी के पद से सेवानिवृत्त हुई सुश्री मधु यादव का पश्चिम मध्य रेलवे के खिलाड़ियों द्वारा होटल दत्त रेसिडेंसी में सम्मान समारोह आयोजित किया गया।**



इस मौके पर उन्होंने कहा कि माता पिता की सेवा ही ईश्वर की सेवा है। संयुक्त परिवार आज की जरुरत है। इस अवसर पर सम्मति सैनी, अभिराम खरे, मंडल खेलकूद अधिकारी/जबलपुर, मनीष कौशल, राजेंद्र साहू, मदन अवस्थी, शीतल जैन, शैलेश मिश्र, डॉ सुनील लखेरा, डॉ प्रशांत चटर्जी, दीपक सेठी, महेंद्र तिवारी, योगेंद्र तिवारी, सुरेश मेहता, ए एम दास, शानू यादव, ए.एच.एन नकवी, सुश्री विधु यादव, श्रीमती कंचन यादव, श्रीमती विमला चटर्जी, श्री अमूबी, श्रीमती सुनिति, सुश्री रैना यादव, सुश्री डॉली यादव, श्रीमती दुलारी, श्रीमती मरियम, श्री विकास सिंघई, दिलीप चौधरी, राकेश सराठे, रोशन यादव, आशीष यादव, सलीम बेग, राजेंद्र पिल्ले, नवनीत, दुर्गा प्रसाद चौधरी, विक्रम जनसारी, त्रिलोक नायडू, ब्रजेश पटेल, लोकेश पटेल, कैलाश यादव, संजीव ओझा, राकेश मिश्रा, अमन, आनंद पटेल, महेंद्र, संजीत सामल, देव कुमार, प्रवीण यादव, विवेक यादव, नवीन यादव, नवरोज राहुल, हसन अली, असलम अली, श्री रुपेश पिल्ले, अनीश, गुंजन, राधाकृष्णन, ललित, सोहित, अमित, परमीत, राजेंद्र गौर, श्याम सुंदर गगनदीप मिश्रा, सुमित, एशली दास एवं अन्य खेलप्रेमी उपस्थित थे।

# जलप्लावन की रोकथाम के लिए नगर निगम प्रशासन गंभीर : निगमायुक्त

**जबलपुर।** वर्षा ऋतु में शहर में जल प्लावन की स्थितियां निर्मित न हो इसके लिए नगर निगम प्रशासन द्वारा व्यापक रूप से कार्य कराए जा रहे हैं। इसके लिए निगमायुक्त आशीष वशिष्ठ के द्वारा 11 टाटा हिटाची मशीन, 18 जे.सी.बी. मशीन और 18 मिनी हिटाची

## 98 विशेष नाला गेंग ,तीन 200, चार 110 , एक 70 टाटा हिटाची मशीनों



मशीनों के अलावा सफाई उपकरणों से युक्त 98 सफाई गेंगों को लगाकर शहर के सभी वार्डो के बड़े, मझौले, एवं छोटे नाले नालियों की सफाई के लिए प्लान तैयार कर उसके अनुसार युद्ध स्तर पर कार्य प्रारंभ करा दिया गया है। नाला नालियों की सफाई अभियान के संबंध में निगमायुक्त आशीष वशिष्ठ ने बताया कि शहर के नागरिकों को जलप्लावन से राहत प्रदान करने निगम प्रशासन गंभीर है और गंभीरता के साथ सफाई के लिए रोस्टर तैयार कराया गया है जिसके अनुसार सभी प्रकार की मशीनरी एवं मानव संसाधनों को लगाकर सफाई का कार्य कराया जा रहा है। स्वास्थ्य अधिकारी भूपेन्द्र सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि शहर के 6 ब? नाले ओमती नाला, मोती नाला, खंदारी नाला, अंधुआ नाला, शाह नाला, भूलन और उर्दना नाला की सफाई टाटा हिटाची मशीनों और जे.सी.बी. मशीनों के माध्यम से कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि शहर में 451 मझौले नाले चिन्हित हैं, इन सभी नालों की सफाई 18 मिनी हिटाची के माध्यम से कराई जा रही है। इसके अलावा 79 वार्डो में 1575 छोटी-छोटी नालियाँ चिन्हित हैं, इन सभी नालियों की सफाई के लिए 98 नाला गेंगों को लगाया गया है और इन सभी गेंगों के माध्यम से छोटी नालियों की सफाई कराई जा रही है, जिससे कि वर्षाऋतु के दौरान कहीं भी किसी भी क्षेत्रों में जलभराव की स्थिति निर्मित न हो। स्वास्थ्य अधिकारी श्री सिंह ने बताया कि सभी मशीनरी संसाधनों एवं गेंगों की जानकारी एवं उनके द्वारा प्रतिदिन किये जा रहे कार्यो की जानकारी एवं उसकी निगरानी निगमायुक्त आशीष वशिष्ठ स्वयं करेगें और आकस्मिक रूप से कहीं भी पहुँचकर नाला सफाई कार्यो का औचक निरीक्षण करेगें। स्वास्थ्य अधिकारी ने यह भी बताया कि 79 वार्डो में नालियों की सफाई के लिए एक-एक अतिरिक्त सफाई गेंग लगाई गयी है, जिसमें एक गेंग में 8 से 10 सफाई कर्मी काम कर रहे हैं। इसी प्रकार मुख्यालय स्तर पर 19 नाला गेंग तैयार किये गए हैं, जिसमें 12 से 20 सफाई कर्मी की डयूटी लगाई गयी है, जो मुख्यालय स्तर से आवश्यकतानुसार वार्डो में नालियों की सफाई के लिए भेजी जाती है। इसके अलावा नियमित रूप से बड़े नाला नालियों की सफाई कर उसकी सिल्ट भी प्रतिदिन उठवाई जा रही है। स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि नाले नालियों की सफाई कराने के साथ-साथ जल निकासी में अवरोध उत्पन्न करने वाले निर्माणों को भी सख्ती के साथ हटाया जा रहा है। इसके अतिरिक्त पाइप लाइनें डालकर भी जल निकासी को सुगम बनाने का कार्य किया जा रहा है।

**18 जे.सी.बी., 18 मिनी हिटाची मशीन कर रहीं नालों की सफाई**

### पर्याप्त स्टाक और कमजोर उपभोक्ता मांग के चलते सोयाबीन तेल में भी मंदी की स्थिति बनी हुई है



# सप्लाई बढ़ने से सोयाबीन पाम और मूंगफली तेल में नरमी

**इंदौर।** सोयाबीन तेल और डीओसी में लगातार कमजोरी आने से सोयाबीन में भी गिरावट आ रही है। मध्यप्रदेश में प्लांटों की क्रशिंग के लिए सोयाबीन की आवक छुटपुट रूप से बनी हुई है। हालांकि अब प्लांटों की सोयाबीन खरीदी में रुचि कम है जिससे सोयाबीन के दामों में तेजी की स्थिति नहीं बन पा रही है। महाराष्ट्र और राजस्थान में भी प्लांटों की सोयाबीन खरीदी कमजोर रहने और बिकवाली का दबाव बढ़ने के कारण प्लांटों द्वारा खरीदी भाव में कटौती की गई है। देशभर में सोयाबीन की दैनिक आवक एक लाख 75 हजार बोरी के करीब हो रही है। पर्याप्त स्टाक और कमजोर उपभोक्ता मांग के चलते सोयाबीन तेल में भी मंदी की स्थिति बनी हुई है। गुरुवार को इंदौर में सोयाबीन तेल 10 रुपये घटकर 1490-1495 पाम तेल इंदौर घटकर 1575 और मूंगफली तेल भी 10 रुपये घटकर 1610-1630 रुपये प्रति दस किलो रह गया। सूत्रों के अनुसार मई में सोया तेल का इम्पोर्ट अप्रैल के 2.73 लाख टन से 1 लाख टन ज्यादा रह सकता है। व्यापारिक धारणा बढ़ती सप्लाई और कम डिमांड से सोया तेल में और मंदी की स्थिति बनी है।

लूज तेल- (प्रति दस किलो के भाव) मूंगफली तेल इंदौर 1610-1630, मुंबई मूंगफली तेल 1620, इंदौर सोयाबीन रिफाइंड 1490-1495, इंदौर सोयाबीन साल्वेंट 1465-1470, इंदौर पाम 1575, मुंबई सोया रिफाइंड 1500, मुंबई पाम तेल 1480, राजकोट तेलिया 2540, गुजरात लूज 1590, कपास्या तेल इंदौर 1475, रुपये।

इंदौर में कपास्या खली- (60 किलो भरती) इंदौर बिना टैक्स भाव इंदौर 2225 देवास 2225, उज्जैन 2225, खंडवा 2200, बुरहानपुर 2200, अकोला 3325 रुपये के भाव बताए गए।

# ट्रेन चलाने के लिए सोलर पैनल से बिजली बनाने वाले बीना प्लांट को जर्मनी में मिला सम्मान

**बेस्ट यूज आफ जीरो कार्बन टेक्नोलाजी अपनाने के लिए दिया सम्मान, ट्रेनों को चलाने के लिए 25 केवी बिजली देता है प्लांट**



भोपाल। ट्रेनों को चलाने के लिए सोलर पैनल से बिजली पैदा करने वाले भोपाल रेल मंडल के बीना सोलर प्लांट को जर्मनी में सराहा गया है। इसकी क्षमता 1.7 मेगावाट है। यह ट्रेन के लिए 25 केवी एसी बिजली दे रहा है। यह प्लांट बेस्ट यूज आफ जीरो कार्बन टेक्नोलाजी के तहत काम कर रहा है, जिसमें कार्बन उत्पादन का स्तर जीरो है। इसी बात के लिए जर्मनी के बर्लिन शहर में आयोजित विश्वस्तरीय सस्टेनेबल रेलवे अवार्ड के तहत इस प्लांट को एक जून 2022 को सस्टेनेबल रेल पुरस्कार दिया गया है। यह भारतीय रेलवे में एकमात्र सोलर प्लांट है, जो पश्चिम मध्य रेलवे के तहत आता है। यह जितनी बिजली पैदा करता है, रेलवे कोयला आधारित प्लांटों से उतनी ही बिजली नहीं ले रहा है। जिसके कारण इससे कार्बन उत्सर्जन कम करने में मदद मिल रही है। बता दें कि कोयला आधारित बिजली कारखानों में कार्बन उत्सर्जन होता है। यह प्लांट दिसंबर 2022 से चालू हुआ है।

### यूआइसी नामक संस्था ने दिया पुरस्कार

बीना सोलर प्लांट को यह पुरस्कार यूआइसी इंटरनेशनल नामक संस्था ने दिया है। यह संस्था विश्व में रेलवे क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय स्तर के कई पुरस्कार प्रदान करती है। यह नई-नई तकनीकी स्थापित करने और पर्यावरण के लिए कम से कम खतरा पैदा करने वाले रेलवे को चुनती है और उनका उत्साहवर्धन करती है। इसी के तहत प्लेनेट श्रेणी के तहत जीरो कार्बन टेक्नोलाजी का बेहतरीन उपयोग की स्पर्धा में साओ पाउलो मेट्रो रेलवे, ईस्ट जापान रेलवे कम्पनी तथा भारतीय रेलवे दौड़ में शामिल थे। जिसमें भारतीय रेलवे ने अन्य को दो प्रतिस्पर्धियों को पीछे छोड़ते हुए बाजी मारी और पश्चिम मध्य रेलवे भोपाल मंडल के बीना में स्थित सोलर प्लांट को उक्त पुरस्कार मिला है। पश्चिम मध्य रेलवे के मुख्य प्रवक्ता राहुल जयपुरिया ने बताया कि विश्वस्तरीय सस्टेनेबल रेलवे पुरस्कार के लिए भारतीय रेलवे को फरवरी 2022 में ही चुन लिया था, जो पश्चिम मध्य रेलवे समेत समूचे भारतीय रेलवे के लिए गर्व की बात है। वरिष्ठ रेल अधिकारियों की मेहनत व दूरदर्शी सोच का ही यह नतीजा है।

### डीआरएम रहते उदय बोरवणकर ने शुरू कराया था काम

जिस सोलर प्लांट को विश्व में सराहा जा रहा है, उसका काम भोपाल डीआरएम रहते उदय बोरवणकर ने साथी रेल अधिकारी, कर्मचारियों के विशेष प्रयासों के शुरू कराया था। अब वह नागपुर मेट्रो रेल कार्पोरेशन में निदेशक की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। बता दें कि उस समय बीना में प्लांट का काम शुरू कराने में कई तरह की कठिनाइयां थी, जिसे उन्होंने दूर करवाया था।

### प्लांट की खासियत

— 1.7 मेगावाट क्षमता वाले प्लांट में 5800 सोलर माड्यूल हैं।
— 1015 पाइल फाउंडेशन का उपयोग करके माड्यूल माउंटिंग स्ट्रक्चर के 145 सेटों पर माउंट लगाए है।
— 400 वोल्ट अल्टरनेटिव करेंट (एसी) को स्टेपप कर 25 किवी एसी में दो ट्रैक्शन ट्रांसफार्मर के द्वारा फीड किया जाता है।
— अंडरग्राउंड ट्रांसमिशन केबल के द्वारा 25 केवी एसी ट्रैक्शन सब सेक्शन और ओएचई में सप्लाई करती है।



## अलायंस एयर की जबलपुर-भोपाल-ग्वालियर उड़ान कल से

भोपाल । विमान सेवा प्रदाता कंपनी अलायंस एयर ने भोपाल को जबलपुर, ग्वालियर एवं बिलासपुर से जोड़ने की तैयारी कर ली है। चार जून से जबलपुर एवं ग्वालियर तक सीधी उड़ान शुरू हो जाएगी। पांच जून से बिलासपुर उड़ान शुरू होगी। कंपनी ने फाइनल शेड्यूल जारी कर दिया है। कंपनी ने पहले तीन जून को परीक्षण उड़ान चलाने का निर्णय लिया था, लेकिन अब सीधे चार जून को नियमित उड़ान शुरू होगी। कंपनी इन शहरों के लिए 72 सीटों वाले एटीआर विमान का संचालन करेगी। राजा भोज एयरपोर्ट पर बुकिंग कार्यालय भी खोल दिया गया है। एयर इंडिया के पूर्व एयरपोर्ट मैनेजर वासुदेव राज अब अलायंस एयर के एयरपोर्ट मैनेजर होंगे। राज के अनुसार भोपाल से जबलपुर एवं ग्वालियर आने-जाने वाली उड़ान का संचालन सप्ताह में तीन दिन मंगलवार, गुरुवार एवं शनिवार को होगा। पहली उड़ान शनिवार चार जून से प्रारंभ होगी। भोपाल-बिलासपुर रूट पर उड़ान का संचालन सप्ताह में चार दिन सोमवार, बुधवार, शुक्रवार एवं रविवार को होगा। पहली उड़ान रविवार पांच जून से शुरू होगी। कंपनी ने फाइनल शेड्यूल जारी कर दिया है।

## अति संवेदनशील नक्सल इलाकों में पंचायत चुनाव कराने की चुनौती

**छह जून को समीक्षा करेगा गृह विभाग**

**भोपाल।** अति संवेदनशील नक्सल इलाकों में पंचायत चुनाव शांतिपूर्ण कराने की चुनौती सरकार के सामने है। बालाघाट, मंडला और डिंडोरी क्षेत्र में पिछले कुछ समय में नक्सली घटनाएं सामने आई है। इसी तरह ग्वालियर, चंबल और बुंदेलखंड क्षेत्र में भी पिछले चुनाव में हिंसक घटनाएं हो चुकी हैं। इसे देखते हुए राज्य निर्वाचन आयोग ने अति संवेदनशील इलाकों में सुरक्षा के तगड़े प्रबंध करने के निर्देश दिए हैं। वहीं, गृह विभाग ने चुनावों में सुरक्षा प्रबंध को लेकर छह जून को बैठक बुलाई है। तब तक सभी जिलों में संवेदनशील और अति संवेदनशील इलाकों की पहचान करके कार्ययोजना बनाकर पुलिस मुख्यालय को भेजी जाएगी। पिछले महीनों में बालाघाट, मंडला और डिंडोरी में नक्सल गतिविधियां सामने आई हैं। पिछले चुनाव में भी कुछ पंचायतों में कानून व्यवस्था को लेकर समस्या आई थी। इन क्षेत्रों में शांतिपूर्ण चुनाव कराने किसी चुनौती से कम नहीं है। यह बात राज्य निर्वाचन आयोग और गृह विभाग भी जानता है, इसलिए अति संवेदनशील इलाकों को चिन्हित करके सशस्त्र बल तैनात करने की तैयारी है। अपर मुख्य सचिव गृह डा.राजेश राजौरा का कहना है कि सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा के प्रबंध सुनिश्चित किए जाएंगे। इसके लिए पुलिस मुख्यालय कार्ययोजना बना रहा है। वहीं, आयोग के सचिव राकेश सिंह का कहना है कि सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएंगे। संवेदनशील और अति संवेदनशील केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल रहेगा। इसके लिए राज्य निर्वाचन आयुक्त दिशानिर्देश दे चुके हैं।

# ...ताकि अच्छी रहे सेहत

**रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए शहर व आसपास धार्मिक व पर्यटन स्थलों तक साइकिल चला रहे युवा**




भोपाल कहते हैं कि चाहे कितना भी आधुनिक वाहनों का जमाना आ जाए, लेकिन साइकिल चलाने का चलन कभी खत्म नहीं हो सकता। 80 व 90 के दशक में गिने-चुने लोगों के पास पेट्रोल व डीजल वाले वाहन हुआ करते थे। गंतव्य स्थान तक आना-जाना करने के लिए अधिकतर लोग साइकिलों का इस्तेमाल करते थे। साइकिल के पैडल मारकर कई किलोमीटर की दूरियां तय कर लेते थे। साइकिल का चलन आज भी है। तेज रफ्तार के वाहनों की अधिक संख्या होने से अब लोग अच्छी सेहत के लिए साइकिल चला रहे हैं। शहर में ऐसे कई लोग हैं, जो सुबह व शाम साइकिल की सवारी स्वस्थ रहने के लिए रोजाना कर रहे हैं। भोपाल बाइसिकल राइडर ग्रुप (बीबीआरजी) ने साल 2021 में कोरोना संक्रमण से लड़ने के लिए शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के उद्देश्य से साइकिल चलाने के लिए लोगों को प्रेरित किया। इस ग्रुप में 800 युवा जुड़कर साइकिल से दूरियां नाप रहे हैं..ताकि अच्छी सेहत रहे। ये युवा भोपाल सहित सांची, भोजपुर, भीम बैठका, सलकनपुर, कंकाली देवी मंदिर, समसगढ़ जैन मंदिर सहित 100 किमी तक साइकिल चला रहे हैं। कोरोना कम होने पर भी साइकिल चलाना बंद नहीं किया है। ग्रुप के सचिव विनोद पांडेय ने बताया जब कोरोना संक्रमण अधिक था, तब रोजाना साइकिल चलाते थे। अभी सप्ताह में बुधवार, शुक्रवार और रविवार को साइकिल चला रहे हैं। इसका असर दिखा है, साइकिल चलाने वाले सभी युवा स्वस्थ हैं। कुछ युवाओं ने हाल ही में 12 घंटे में भोपाल से उज्जैन कुल 254 किमी की दूरी साइकिल से ही तय की है।

### कोरोना संक्रमण बढ़ने पर बढ़ गई थी साइकिलों की मांग

न्यू मार्केट थोक व फुटकर साइकिल व्यवसायी दीपक जयचंदानी ने बताया कि जब कोराना संक्रमण अधिक था, तब साइकिलों का अच्छा व्यवसाय हुआ था। शहर भर में 60 साइकिल की दुकानों से रोजाना 150 से 200 तक साइकिल बिक रही थीं। अभी रोजाना 50 से 60 साइकिल ही बिक रही हैं, जिनमें छोटे बच्चों की साइकिल अधिक हैं। चार हजार से लेकर सवा लाख तक की साइकिल बाजार में उपलब्ध हैं। वहीं, बड़े लोगों की साइकिल कम बिक रही हैं। बाजार, कार्यालय खुलने से लोगों ने फिर साइकिल चलाना कम कर दिया है।

### ई-साइकिल खरीदना पसंद करने लगे लोग

शहर के न्यू मार्केट, हमीदिया रोड, कोलार, बिट्टन मार्केट सहित अन्य साइकिल के दुकानों पर ई-साइकिल बिक रही हैं। 20 से 45 किमी तक एक बार बैटरी चार्ज करने पर साइकिल चल जाती हैं। 26 से 70 हजार रुपये तक ई-साइकिल बाजारों में उपलब्ध हैं। बैटरी खत्म होने पर इन साइकिलों को पैडल से भी आसानी से चलाया जा सकता है। ई-साइकिल रोजाना 10 से 15 बिक रही हैं। साइकिल व्यवसायियों के अनुसार आगामी दिनों में ई-साइकिल का कारोबार बढ़ेगा।



## सड़क निर्माण के साथ ही नाली बनाने की योजना पर अमल नहीं कर पा रहा नगर निगम

भोपाल सड़कों पर सीमेंट कांक्रीट या डामरीकरण से पहले नाली का निर्माण किया जाएगा। नाली नहीं होने पर पानी की निकासी के लिए अस्थाई नालियां बनाई जाएंगी, ताकि सड़कें मजबूत और टिकाऊ बन सकें। नगर निगम की बैरागढ़ जोन समिति ने सात साल पहले यह प्रस्ताव पारित किया था, लेकिन इस पर अभी तक अमल नहीं हो पा रहा है। प्रस्ताव पारित होने के बाद एक या दो सड़कों के किनारे ही नालियां बनाई गईं, बाद में प्रस्ताव पारित कराने वाले पार्षद ही अमल करवाना भूल गए। अब तो नगर निगम परिषद ही अस्तित्व में नहीं है और अधिकारी भी इस पर अमल नहीं करवा पा रहे हैं। हाल के दिनों में बैरागढ़ में कई सड़कों का निर्माण हुआ है। लेकिन एक भी सड़क के किनारे नाली का निर्माण नहीं हुआ है। राजावीर मंदिर रोड पर सड़क दो साल भी नहीं टिकती, क्योंकि यहां पानी की निकासी का समुचित प्रबंध नहीं है। निर्माण के समय लोगों ने यहां ढलान मनाने की मांग की, लेकिन उसे भी नहीं माना गया। अब सड़क फिर से खराब होने लगी है।

## महापौर के लिए सशक्त दावेदार के अभाव में कांग्रेस लगा रही विधायकों पर दांव



भोपाल। महापौर के लिए सशक्त दावेदार के अभाव में कांग्रेस लगा रही विधायकों पर दावभोपाल। अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुटी प्रदेश कांग्रेस के लिए नगरीय निकाय चुनाव में चुनौतियां कम नहीं हैं। पार्टी नेता मानते हैं कि उसका मुकाबला भाजपा के प्रत्याशी से उसके संगठन है, इसलिए सशक्त दावेदार की तलाश की जा रही है। पार्टी की प्राथमिकता में दावेदारों में पहले विधायक या फिर उनके परिजन हैं। आरक्षण के समीकरणों के आधार पर इसकी तैयारी की जा रही है। दरअसल, यह माना जा रहा है कि नगरीय निकाय चुनाव के परिणामों का असर विधानसभा चुनाव पर पड़ेगा। यही वजह है कि टिकट को लेकर पार्टी नेताओं में मतभेद न हों, इसके लिए एक नाम पर सहमति बनाने के निर्देश पर्यवेक्षक और जिला स्तरीय समितियों को दिए गए हैं। पांच जून तक महापौर पद के संभावितों दावेदारों की प्रभारियों से सूची मांगी गई है। सूत्रों के मुताबिक खंडवा, बुरहानपुर, कटनी, देवास और शहडोल में बैठकों का दौर चल रहा है। मुरैना नगर निगम में दावेदार के तौर पर शारदा सोलंकी, राजेश कथूरिया और अमर सिंह मौर्य का नाम सामने आया है। इसी तरह रतलाम में प्रभु राठौर, मयंक जाट और रामचंद्र धाकड़ के नाम हैं। खंडवा और बुरहानपुर में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अरुण यादव की राय को तवज्जो मिलेगी। वे बुधवार को ही दिल्ली से वापस लौटे हैं और कार्यकर्ताओं से फीडबैक लेने के बाद नाम सुझाएंगे। वहीं, प्रभारी भी कार्यकर्ताओं से संवाद कर रहे हैं। जबलपुर में राज्यसभा सदस्य विवेक तन्खा सहित वरिष्ठ नेताओं ने जगत बहादुर सिंह अन्नू का नाम आगे बढ़ाया है। वे शहर कांग्रेस के अध्यक्ष हैं। उज्जैन में विधायक महेश परमार, ग्वालियर में विधायक डा.सतीश सिकरवार की पत्नी शोभा सिकरवार का नाम प्रस्तावित है। भोपाल में महापौर पद के लिए पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह की राय अहमियत रखेगी। अभी उन्होंने अपने पत्ते नहीं खोले हैं। हालांकि, प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष विभा पटेल, जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष संतोष कंसाना का नाम चर्चा में है। इंदौर में महापौर पद के लिए विधायक संजय शुक्ला के नाम की घोषणा पूर्व मंत्री डा.विजयलक्ष्मी साधौ, सज्जन सिंह वर्मा ने कार्यकर्ता सम्मेलन में पिछले साल कर चुके हैं। प्रदेश उपाध्यक्ष संगठन प्रभारी चंद्रप्रभाष शेखर ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष ने नौ जून को बैठक बुलाई है। इसमें प्रभारियों की रिपोर्ट के आधार पर महापौर पद के प्रत्याशी के नामों पर विचार किया जाएगा।

## सीहोर के दृष्टिबाधित जूडो खिलाड़ी कपिल परमार ने अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में जीता कांस्य पदक

**कपिल राजधानी में श्री ब्लिस मिशन फॉर पैरा एंड ब्राइट संस्था में 2017 से कोच प्रवीण भटेले के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे है।**



भोपाल। कजाकिस्तान में आयोजित इब्सा जूडो ग्रैंड प्रिक्स प्रतियोगिता विश्व जूडो प्रतियोगिता में मप्र के दृष्टिबाधित कपिल परमार ने देश के लिए कांस्य पदक जीता। सीहोर के रहने वाले कपिल ने 60 किग्रा भार वर्ग में हिस्सा लिया था। अंतर्राष्ट्रीय ब्लाइंड स्पोर्ट्स एसोसिएशन द्वारा 25 से 31 मई 2022 तक आयोजित इब्सा जूडो ग्रैंड प्रिक्स का आयोजन किया गया। इसमें पेरिस लिंपिक 2024 के लिए अंक बटोरने के लिए विश्व के 21 देशों के खिलाड़ियों ने भागीदारी की थी। कपिल राजधानी में श्री ब्लिस मिशन फॉर पैरा एंड ब्राइट संस्था में वर्ष 2017 से कोच प्रवीण भटेले के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण प्राप्?त कर रहे है। कोच प्रवीण भटेले ने बताया कि कपिल ने बताया कि हमारी अकादमी के तीन खिलाड़ी कपिल के अलावा स्वाति शर्मा और ऐहतेशाम अली भी गए थे। उन्होंने कहा कि इस पदक के साथ ही पेरिस पैरालंपिक के लिए अपनी संभावना बड़ा दी है। कपिल की बहन सोनाली सिंह परमार ने यूपीएससी में 187वां रैंक वा रैंक हासिल किया है। अंतरराष्ट्रीय जूडो खिलाड़ी, कोच व भोपाल शहर की एसीपी बिट्टू शर्मा ने भी कपिल का बधाई दी है। कोरोना काल में भी कपिल का अभ्यास कम नहीं हुआ था।

## भारत की पहली बुलेट क्रशर मशीन मप्र शूटिंग अकादमी में लगी

भोपाल। मध्यप्रदेश राज्य शूटिंग अकादमी में भारत की पहली बुलेट क्रशर मशीन की सुविधा मिल गई है। इस मशीन से इस्तेमाल किये गए कारतूस के शेल को नष्ट किया जाता है। इसके उपयोग से इस्तेमाल किए गए बुलेट को दोबारा उपयोग में नहीं लाया जा सकेगा। इस व्यवस्था से कारतूस का दुरूपयोग नहीं होगा। खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा मध्यप्रदेश राज्य शूटिंग अकादमी में शूटिंग की शॉटगन, पिस्टल और रायफल विधाओं में लगभग 100 से अधिक खिलाड़ी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। अंतर्राष्ट्रीय स्तर शूटिंग अकादमी में 50 मीटर फायनल शूटिंग रेंज का कार्य प्रगति पर है।

## भोपाल में नगर निगम चुनाव के लिए बनाया गया कंट्रोल रूम, छुट्टी के दिन भी खुलेंगे कार्यालय

**नगर निगम आयुक्त ने वार्ड व जोनवार अधिकारियों को सौंपी जिम्मेदारी**

**कर्मचारियों की छुट्टियां निरस्त**

भोपाल नगर निगम चुनाव को लेकर निगमायुक्त केवीएस चौधरी कोलसानी ने कंट्रोल रूम की शुरुआत की है। इसकी जिम्मेदारी उपायुक्त हर्षित तिवारी को सौंपी गई है। निर्वाचन कंट्रोल रूम हर्षवर्धन काम्पलेक्स माता मंदिर स्थित निगम के कार्यालय में स्थापित किया गया है। मतदान केन्द्रों के सत्यापन व उनके मतदान क्रमांक आदि का अंकन लाइट, पानी, फर्नीचर, पेंट, साफ-सफाई, रैम्प आदि की व्यवस्थाओं समेत संपत्ति विरूपण के तहत कार्रवाई करने हेतु दलों का भी गठन किया गया है। इसके साथ ही मतदान केन्द्रों की व्यवस्था हेतु गठित दल में विधानसभावार नोडल अधिकारी जोनवार/वार्डवार यांत्रिक, जलकार्य एवं विद्युत शाखा के सहायक यंत्री एवं स्वच्छता प्रभारी अपने संबंधित क्षेत्रों के मतदान केन्द्रों पर निर्वाचन दिनांक तक सभी व्यवस्थाएं आपसी समन्वय के साथ सुचारू रूप से कार्य सम्पादित करेंगे। इस दौरान निगमायुक्त ने सभी कर्मचारियों और अधिकारियों के अवकाश पर प्रतिबंध लगा दिया है। विशेष परिस्थितियों में आयुक्त के निर्देश पर ही अवकाश दिया जाएगा। निर्वाचन कंट्रोल रूम 24 घंटे खुला रहेगा। इसके साथ ही तीन अतिरिक्त दलों का गठन भी किया गया है। इनके लिए कंट्रोल रुम के बगल में एक अन्य सहायक कंट्रोल रुम भी बनाया गया है। यहां अलग-अलग पालियों में निर्वाचन कार्य में संलग्न अधिकारी 24 घंटे मौजूद रहेंगे। आवश्यकतानुसार विकलांग मतदाताओं के लिए रैंप, मतदाताओं के लिए प्रवेश एवं निर्गम द्वार के लिए अलग-अलग व्यवस्था सुनिश्चित कराएंगे। साथ ही एक ही परिसर में एक से अधिक मतदान केन्द्र स्थापित होने पर मतदाताओं के लिए हेल्प डेस्क, मतदान केन्द्रों पर समुचित संकेतक व महिला-पुरुष शौचालय की व्यवस्था सुनिश्चित कराएंगे।



### चुनावों को लेकर बच्चों पर केंद्रित घोषणा पत्र जारी

उधर, चाइल्ड राइट्स आब्जर्वेटरी मप्र द्वारा प्रदेश में हो रहे नगरीय निकाय और पंचायत चुनावों के लिए एक एजेंडा सभी राजनीतिक दलों को भेजा गया है। संस्था की अध्यक्ष निर्मला बुच ने विभिन्न राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों को पत्र भेजकर आग्रह किया है कि वे बाल अधिकारों से जुड़े मुद्दों पर केंद्रित इस एजेंडा को अपने पार्टी के घोषणा पत्र में शामिल करें और इसे चुनावों के दौरान प्रचारित भी करें। इससे बच्चों के अधिकारों के प्रति पार्टी और उम्मीदवारों की प्रतिबद्धता जाहिर होगी और भविष्य में निर्वाचित प्रतिनिधि इस पर काम भी करेंगे। इसमें बच्चों के लिए बजट, हिंसा की समाप्ति, शिक्षा-विशेषकर सीखने में हुए नुक्सान की भरपाई, पानी और स्वच्छता, पोषण, स्वास्थ्य और टीकाकरण से जुड़े 24 बिंदुओं को शामिल किया गया है।

### पार्षद के बाद अध्यक्ष बनने दावेदार हुए सक्रिय

# लगभग 33880 हजार मतदाता करेंगे नगर सरकार का गठन

**सिहोरा।** नगरी निकाय चुनाव की घोषणा होते हैं चुनावी सरगर्मी ब? गई है दावेदार अपनी टिकट पुक्ता करने अपने आकाओ के चरण वन्दन में जुट गये वही चौराहे पर चाय पान की दुकानों में चुनावी चर्चाओं का बाजार गर्म होने लगा है।

18 वार्डों वाली नगर पालिका सिहोरा का अध्यक्ष पद अनारक्षित होने के बाद अब सेहरा किसके सिर पर बधेगा यह तो भविष्य की गर्त में है लेकिन नगर में निवासरत 33880 मतदाताओं के मत की पूर्ण आहुति से नगर सरकार का गठन होना सुनिश्चित हो गया है। इस बार के चुनाव में खास बात यह है की पार्षद से ही नगर पालिका अध्यक्ष बनना हे इस हिसाब से खासकर अनारक्षित वार्डों से प्रत्याशी बनने दोनो प्रमुख राजनैतिक दलो के लोग ज्यादा जोर लगा रहे है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पूर्व में नगर में मतदाताओं की संख्या 15311 पुरुष एवं 14332 महिलाओं सहित कुल 29463 थी गत 5 वर्षों में नगर में 4143 मतदाताओं की बढ़ोतरी हुई है।

#### सिहोरा खितौला में 6 मतदान केंद्र बढ़े

बताया जा रहा है कि नगर में लगभग 4000 मतदाताओं के बढ़ने के साथ-साथ 36 मतदान केंद्रों की संख्या को बढ़ाकर भी 42 कर दिया गया है वार्ड क्रमांक 1,4,12 एवं 18 में एक एक मतदान केंद्र बनाए गए हैं वहीं वार्ड क्रमांक 11 में 2 मतदान केंद्र बनाए गए हैं।

#### सर्वाधिक मतदाता वार्ड क्रमांक 4 में

वार्ड क्रमांक 4 गांधी वार्ड में 1211 पुरुष एवं 1200 महिला मतदाता सहित कुल 2411 मतदाता है गांधी वार्ड में मतदान हेतु 3 केंद्र बनाए जाएंगे उल्लेखनीय है कि वार्ड नंबर 4 में पूर्व में 2187 मतदाता थे।

#### सबसे कम मतदाता वार्ड नंबर 2

वार्ड क्रमांक 2 राजेंद्र वार्ड में 769 पुरुष एवं 748 महिला मतदाता है जबकि पूर्व में वार्ड नंबर 2 में कुल मतदाताओं की संख्या 1314 थी।

#### ऐसा होगा परिषद का स्वरूप

प्राप्त जानकारी के अनुसार आरक्षण प्रक्रिया के बाद नई नगर सरकार का गठन वार्ड क्रमांक 1-अ.जा. मुक्त वार्ड नंबर 2 - अनारक्षित मुक्त, वार्ड नंबर 3- अनारक्षित महिला, वार्ड नंबर 4 -अनारक्षित महिला, वार्ड नंबर 5 -अ पिछड़ा मुक्त, वार्ड नंबर 6- अनारक्षित महिला, वार्ड नंबर 7-अ.ज.जा मुक्त, वार्ड नंबर 8- अनारक्षित महिला, वार्ड क्रमांक 9-अ.ज.जा मुक्त, वार्ड क्रमांक 10- अ. पिछड़ा वर्ग महिला, वार्ड क्रमांक 11 - अ. पिछड़ा वर्ग महिला, वार्ड क्रमांक 12- अ.पिछडा वर्ग महिला वार्ड क्रमांक 13- अनारक्षित मुक्त, वार्ड क्रमांक14-अ.जा महिला, एंव वार्ड क्रमांक 15, 16, 17, 18 अनारक्षित मुक्त से निर्वाचित उम्मीदवार नगर सरकार का गठन करेंगे।

## माल ढुलाई में रेलवे ने एक माह में अर्जित किये 286 करोड रूपये

**जबलपुर यश भारत।** जबलपुर रेल मंडल द्वारा मई माह में माल ढुलाई में 3.22 मिलियन टन माल ढुलाई करके रिकार्ड कायम किया गया है। जिससे मंडल को 286 करोड रूपये का रेल राजस्व माल ढुलाई से मई माह में प्राप्त हुआ है।इस संबंध में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक विश्व रंजन ने बताया कि नए वित्तीय वर्ष 2022-23 के प्रथम अप्रैल माह में मंडल ने 3.09 मिलियन टन माल की ढुलाई करके 274 करोड रूपये का राजस्व प्राप्त किया था। इस तरह मंडल ने अप्रैल माह के मुकाबले मई माह में 12 करोड रूपये का अधिक राजस्व प्राप्त किया। उल्लेखनीय है कि गत वर्ष मई 2021 में मंडल ने 2.56 मिलियन टन माल की ढुलाई करके 207 करोड रूपये का राजस्व प्राप्त किया था। जिसकी तुलना में इस वर्ष 79 करोड रूपये का अधिक राजस्व प्राप्त हुआ है। मंडल द्वारा माल ढुलाई के कार्य को प्राथमिकता से किया जा रहा है। जिससे कि अधिक से अधिक रेल राजस्व जुटाकर मुख्यालय पमरे द्वारा दिए गए लक्ष्य को प्राप्त किया जा सका।

## ग्लो साइन एलईडी बोर्ड को असामाजिक तत्वों ने किया क्षतिग्रस्त




गाडरवारा(यश भारत) विगत दिवस नगर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत नगर पालिका परिषद द्वारा स्टेशन मार्ग विद्युत मंडल ऑफिस के सामने लगा ग्लो साइन बोर्ड एलईडी लाइट से सुसज्जित आई लव गाडरवारा लगाया गया था द्य रात्रि कालीन समय में आई लव गाडरवारा लिखा हुआ यह स्थान लोगों के लिए सेल्फी प्वाइंट बना हुआ है किंतु कुछ दिन पूर्व असामाजिक तत्वों द्वारा उक्त एलईडी का एक अक्षर तोड़ दिया गया है अब एलईडी पर लिखा हुआ आई लव गाडरवारा की जगह आई लव गाडावारा दिखाई दे रहा है द्य जन अपेक्षा है कि यह टूटे हुए एलईडी बोर्ड पर नगर पालिका प्रशासन ध्यान दें।

## बीना सोलर प्लांट को बर्लिन में मिला अंतर्राष्ट्रीय सस्टेनेबल रेलवे अवॉर्ड



**जबलपुर यश भारत।** भारतीय रेलवे की सौर ऊर्जा पहल को अब अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर भी सराहना मिल रही है और पुरस्कार भी मिल रहे हैं। 01 जून 2022 को जर्मनी के शहर बर्लिन में आयोजित अंतरराष्ट्रीय सस्टेनेबल रेलवे अवॉर्ड्स के अंतर्गत भारतीय रेलवे के बीना सोलर प्लांट को प्लेनेट कैटेगरी की बेस्ट यू? ऑफ जीरो कार्बन टेक्नोलॉजी के अंतर्गत पुरस्कार हासिल हुआ है। बीना में सौर ऊर्जा (सोलर एनर्जी) से 25 एसी ट्रैक्शन सिस्टम को सीधे ?ीड करने के लिए यह पुरस्कार मिला है। ये पुरस्कार मिलना पश्चिम मध्य रेलवे के साथ-साथ सम्पूर्ण भारतीय रेल के लिए गौरव की बात है। पश्चिम मध्य रेल के महाप्रबंधक सुधीर कुमार गुप्ता ने पमरे के सभी रेल अधिकारियों एवं रेलकर्मचारियों को इस सफलता के लिए बधाई दी है।मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी ने बताया कि यूआइसी इंटरनेशनल नाम की संस्था रेलवे सेक्टर में अंर्तराष्ट्रीय स्तर के कई पुरस्कार प्रदान करती है। इसके अंतर्गत इन्नोवेशन इन मोबिलिटी दैट डिलीवर्स सोशल (पीपुल), एनवायरमेंटल (प्लेनेट) एवं इकॉनामी (प्रोस्पेरिटी) आदि के लिए अवार्ड प्रदान किए जाते हैं। प्लेनेट कैटेगरी के अन्तर्गत जीरो कॉर्बन टेक्नॉलॉजी का बेहतरीन उपयोग की स्पर्धा में साओ पॉलो मेट्रो रेलवे, ईस्ट जापान रेलवे कम्पनी तथा भारतीय रेलवे दौड़ में शामिल थे । जिसमें भारतीय रेलवे ने अन्य को दो प्रतिस्पर्धियों को पीछे छोड़ते हुए बाजी मारी और पश्चिम मध्य रेल के बीना में स्थित सोलर प्लांट से 25 केवी एसी ट्रैक्शन सिस्टम को सीधे सीड करने के लिए अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कार हासिल किया है। अंतरराष्ट्रीय स्तर के पुरस्कारों का चयन यूआइसी की जानी मानी हस्तियां तथा रेलवे से जु? विभिन्न विषयों के विशेषज्ञ पुरस्कारों के चयन की जूरी में शामिल रहते हैं। गौरतलब है कि अंतरराष्ट्रीय सस्टेनेबल रेलवे अवॉर्ड के अंतर्गत भारतीय रेलवे को अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार के लिए माह फरवरी 2022 मे पश्चिम मध्य रेल के बीना सोलर प्लांट को और उससे संबंधित मिशन विद्युतिकरण को प्रमुख वैश्विक पुरस्कारों की दौड़ में शामिल कर लिया गया था।

## जीवात्मा को परमात्मा से जोडती है भागवत- वेदांती जी



**सिहोरा-** जीवात्मा को परमात्मा से जोडती है भागवत कथा तथा मनुष्य को मुक्ति प्रदान करती है उक्ताशय के विचार लखराम मोहल्ला वार्ड क्रमांक 13 में चल रही सप्तदिवसीय श्रीमद्भागवत कथा में परम पूज्य गुरुदेव संत प्रवर श्री श्री 1008 श्री सियावल्लभदास वेदांती जी महाराज अयोध्या धाम ने कथा के तीसरे दिन आजामिल उपाख्यान, प्रहलाद चरित्र की मीमांसा करते हुए व्यक्त किए। महाराज श्री ने कहा की हिरण्यकश्यप ने अपने पुत्र प्रहलाद को परमात्मा से दुर करने अनेक जतन कर उसे मारने का प्रयास किया लेकिन सफल न होने पर प्रहलाद को होलिका के साथ अग्नि के हवाले कर दिया लेकिन होलिका जल गई और भक्त प्रहलाद बच गया फिर भगवान ने एक दिन भक्त की रक्षा करने नृसिंह के रुप में अवतार लेकर हिरण्यकश्यप का अंत कर दिया । भगवान अपने भक्त को सम्पत्ति नही सदबुद्धि प्रदान करते है जिससे भक्त जीवन भर सुखी रहे और अंत में उसे मोक्ष प्रदान हो । कथा के पूर्व सीताराम पांडे,श्रीमती सुशीला पांडे,अरुण कुमार,सुनंदा पांडे,अनिल कुमार संगीता पांडे,भूषण कुमार पांडे,पूर्व पार्षद शारदा तिवारी, राजेश मिश्रा, प्रवीण कुररिया आदि ने व्यासपीठ का पूजन किया।

## जेपी नड्डा की अगवानी में युवा समागम कार्यक्रम में जबलपुर शामिल हुए युवा मोर्चा कार्यकर्ता




**गाडरवारा( यश भारत )** भारतीय जनता पार्टी के यूथ कनेक्ट अभियान के कार्यक्रम में भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा की मौजूदगी को लेकर गाडरवारा से भाजपा युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष प्रियांक जैन के नेतृत्व में मण्डल अध्यक्ष आशीष राजपूत के सानिध्य में युवा मोर्चा कार्यकर्ता 2 बसों से जबलपुर के लिए पूरे जोश के साथ रवाना हुए बसों को वरिष्ठ भाजपा नेताओं ने पार्टी झंडा दिखाकर विदा किया उक्त अवसर पर राजेश जैन पूर्व नपा अध्यक्ष नवनीत चाचा सुरेश श्रीवास्तव पूर्व नपा उपाध्यक्ष कमल खटीक युवा सुनील ठाकुर चंद्रकांत शर्मा युवा मोर्चा जिला महामंत्री दिनेश गुर्जर अब्दुल ि?रोज खान भाजपा महामंत्री शैलेश पटैल भाजपा मंडल उपाध्यक्ष सोनू पटैल गोविंद अग्रवाल लकी सोनी प्रेम गुर्जर अभिमन्यु यादव सहित अनेक भाजपा नेता उपस्थित रहे।

### नगरीय निकाय चुनाव

## जबलपुर नगर पालिका निगम के पार्षदों व महापौर का चुनाव भी प्रत्यक्ष प्रणाली से ही

**जबलपुर,यशभारत।** । राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकायों के निर्वाचन के घोषित कार्यक्रम की जानकारी आज राजनैतिक दलों की गठित स्टेंडिंग कमेटी की बैठक में दी गई। कलेक्टर डॉ. इलैयाराजा टी की अध्यक्षता में संपन्न हुई इस बैठक में बताया गया कि नगरीय निकायों के चुनाव की घोषणा के साथ ही आचार संहिता लागू हो गई है। बैठक में नाम निर्देशन पत्र भरे जाने की प्रक्रिया एवं आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों से भी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को अवगत कराया गया। कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की गई बैठक में नगर निगम आयुक्त आशीष वशिष्ठ, अपर कलेक्टर शेर सिंह मीणा, अपर कलेक्टर सुश्री विमलेश सिंह, अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी नमः शिवाय अरजरिया, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवेश सिंह बघेल तथा राजनैतिक दलों की ओर से सर्वश्री राधेश्याम चौबे, सत्येन्द्र ज्योतिषी, गिरजेश श्रीवास्तव, मनीष शर्मा, सीमांत सिंह, राजेश जायसवाल, एडव्होकेट विशाल यादव, राकेश समुन्दे, अभिषेक यादव, प्रमोद पटैल, लखन अहिरवार, मोतीलाल अहिरवार, ऋषभ साठे, अजीत सिंह आनंद, शैलेन्द्र बारी, आनंद साहू, अनिल चौधरी आदि मौजूद थे। बैठक में बताया गया कि जबलपुर जिले में नगरीय निकायों के चुनाव दो चरणों में होंगे। पहले चरण में नगर निगम जबलपुर, नगर पालिका सिहोरा एवं पनागर तथा नगर परिषद बरेला एवं भेड़ाघाट में बुधवार 6 जुलाई को मतदान होगा। जबकि दूसरे चरण में बुधवार 13 जुलाई को नगर परिषद शहपुरा, पाटन, मझौली एवं नगर परिषद कटंगी में मतदान कराया जायेगा। बैठक में बताया गया कि नगरीय निकायों के चुनाव के दोनों चरणों के लिए निर्वाचन की सूचना का प्रकाशन शनिवार 11 जून की सुबह 10.30 बजे होगी। निर्वाचन की सूचना के साथ ही स्थानों के आरक्षण की सूचना एवं मतदान केन्द्रों की सूची का प्रकाशन भी किया जायेगा। उप जिला निर्वाचन अधिकारी नमः शिवाय अरजरिया ने बैठक में बताया कि निर्वाचन की सूचना जारी होने के तुरंत बाद से चुनाव लड़ने के इच्छुक उम्मीदवारों से नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने का सिलसिला प्रारंभ हो जायेगा। नगर निगम जबलपुर के महापौर और पार्षदों के निर्वाचन के लिए नाम निर्देशन पत्र कलेक्टर कार्यालय में तथा शेष नगरीय निकायों के पार्षदों के निर्वाचन के लिए संबंधित नगरीय निकायों के मुख्यालय में लिये जायेंगे। नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने के लिए रिटर्निंग अधिकारियों की नियुक्ति कर दी गई है।नाम निर्देशन पत्र शनिवार 18 जून को दोपहर 3 बजे तक स्वीकार किये जायेंगे। प्राप्त नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा सोमवार 20 जून की सुबह 10.30 बजे से की जायेगी। उम्मीदवारी से बुधवार 22 जून की दोपहर 3 बजे तक नाम वापस लिये जा सकेंगे। नाम वापसी की समय सीमा समाप्त होने के तुरंत बाद निर्वाचन लड़ने वाले उम्मीदवारों की सूची तैयार की जायेगी और प्रतीक चिन्हों का आवंटन होगा। मतदान यदि आवश्यक हुआ तो पहले चरण के नगरीय निकायों में बुधवार 6 जुलाई को सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक होगा तथा दूसरे चरण के नगरीय निकायों में बुधवार 13 जुलाई को सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक होगा। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बैठक में बताया कि नगरीय निकायों के चुनाव ईव्हीएम मशीनों से कराये जायेंगे। जबलपुर नगर पालिका निगम के पार्षदों के साथ-साथ महापौर पद का चुनाव भी प्रत्यक्ष प्रणाली से होगा।

## सातवें वेतनमान की एरियर के भुगतान की मांग



जनेकृविवि के प्राध्यापक- वैज्ञानिक परिषद ने लेखा नियंत्रक एवं कुलसचिव को दिया ज्ञापन

**जबलपुर ।** जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय के केंद्रीय प्राध्यापक-वैज्ञानिक परिषद के समस्त सदस्यों द्वारा आज विश्वविद्यालय के लेखा नियंत्रक श्री बी.एन. बाजपेई एवं कुलसचिव रेवा सिंह सिसोदिया को ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान कई वर्षों से लंबित सातवें वेतनमान के आदेश के उपरांत आज तक सातवें वेतनमान की एरियर के भुगतान का आदेश नहीं किया गया है। इस हेतु विश्वविद्यालय की प्राध्यापक-वैज्ञानिक परिषद की पदाधिकारीगण अध्यक्ष डॉ. एस. के. पांडे, महासचिव डॉ. अभिषेक शुक्ला, सह सचिव डॉ. आर. वी. सिंह, डॉ. के.के. अग्रवाल, डॉ. आर.एस. रघुवंशी, क्षेत्रीय इकाई अध्यक्ष डॉ. एम. एल. केवट, अध्यक्ष डॉ. ए. के. राय , डॉ. वी. के.तिवारी, सचिव डॉ. अमित शर्मा, प्रचार सचिव डॉ. शेखर सिंह बघेल द्वारा विश्वविद्यालय के लेखा नियंत्रक एवं कुलसचिव महोदय को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञात हो कि विश्वविद्यालय के शिक्षकों प्राध्यापकों, वैज्ञानिकों को सातवें वेतनमान जो आयोग द्वारा लागू किया गया। परंतु वर्तमान समय में सातवें वेतनमान की एरियर्स के भुगतान ना होने से वैज्ञानिकों एवं प्राध्यापकों का मन व्यथित है। ज्ञात हो कि विश्वविद्यालय शिक्षकों/प्राध्यापकों/वैज्ञानिकों का सातवें वेतन आयोग लागू किया गया है। (आं. क्र./ले.नि./ई.एफ.पी./2021-22/686 दिनांक 01.01.2022) और दिनांक 01.01.20022 से पुनरीक्षित वेतनमान का भुगतान किया जा रहा है, किंतु 01.01.2016 से 31.01.2021 तक एरियर की राशि के भुगतान के आदेश/निर्देश आज तक जारी नही किये गये हैं। ज्ञात हो कि विष्वविद्यालय में संचालित विभिन्न परियोजनाओं में एरियर की राशि विश्वविद्यालय को प्राप्त होने के बाद भी आदेश जारी नहीं होने के कारण भुगतान नहीं हो पा रहा है। साथ ही कुछ परियोजनाओं के संचालक/कोर्डिनेटर द्वारा आदेष की प्रति की मांग की जा रही है ताकि एरियर्स की राषि विष्वविद्यालय को भेजी जा सके। दरअसल मध्यप्रदेष के सभी महाविद्यालयों में एरियर्स का भुगतान किया जा चुका है। 1 जुलाई 2020 से जून 2021 तक रुकी हुई वेतन वृद्धि एवं एरियर्स जो कि प्रथम किश्त नवम्बर 2020 तथा द्वितीय किश्त मार्च 2021 में देनीथी, जो अब तक नही दी गई, जबकि कर्मचारियों को एक किश्त दी जा चुकी है।

## समर कैंप का हुआ उद्घाटन



**गाडरवारा( यश भारत )** साईंखेड़ा जनपद के ग्राम सोकलपुर मे समर कैंप का आयोजन किया गया द्य जिसमें साईंखेड़ा ब्लॉक के सभी बच्चे कबड्डी समर कैंप में भाग ले रहे हैं ।समर कैंप 1 मई से 30 मई तक चलेगा । समर कैंप का उद्घाटन ग्राम के वरिष्ठ समाजसेवी ठाकुर रणजीत सिंह राजपूत ,राकेश पटेल , वीरेंद्र गुर्जर, अर्जुन गुर्जर द्वारा किया गया अतिथियों ने समर कैंप में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया द्य इस मौके पर खेल विभाग से प्रदीप रावत खेल युवा कल्याण विभाग नरसिंहपुर पवन राय, युवा समन्वयक विकासखंड साईंखेड़ा , संदीप गुर्जर कबड्डी कोच। सहयोगी प्रमोद गुर्जर प्रकाश झारिया प्रशांत पटेल अभिजीत पटेल पुष्पेंद्र गुर्जर कुलदीप गुर्जर नीरज दुर्गेश कन्हैया दीपेश सहित आयोजक खेल युवा कल्याण विभाग नरसिंहपुर अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थिति प्रमुख रही।

## जायंट्स ग्रुप आफ जबलपुर द्वारा गैस सिलेंडर, चूल्हा एवं कापी किताबें भेंट



**जबलपुर।** जायन्ट्स ग्रुप आफ जबलपुर द्वारा विगत दिवस गुरु नानक दरबार हाल में गोरखपुर में समाज-सेवा के दो प्रोजेक्ट किए गए । गुरु नानक गर्ल्स हायर सेकेन्ड्री स्कूल, मढाताल में बारहवीं में अध्ययनरत एक मेधावी छात्रा को आवश्यक कापियाँ ,पुस्तकें भेंट की गई। दूसरे प्रोजेक्ट में एक निर्धन परिवार को गैस सिलेंडर एवं चूल्हा भेंट किया गया। कार्यक्रम में एस. पी दत्ता, शरद नेमा, हेमंत खम्परिया, अरविंद पटेल, सी. जे. एस. अरोरा, सी.के, मोदी, सचिन वर्मा जी.पी.एस. अब्रोल, आशीष सैनी आदि उपस्थित रहे। आशीष सैनी धन्यवाद किया। संचालन संचालन सी. जे. एस. अरोरा ने किया।

## रानी कमलापति-कामाख्या में बढ़े थर्ड एसी के दो अतिरिक्त कोच

जबलपुर यश भारत। गर्मी के सीजन में बढ़ते अतिरिक्त यात्री यातायात तथा प्रतीक्षा सूची को क्लीयर करने के उद्देश्य से अतिरिक्त कोच लगाए जाते हैं। इसी कड़ी में पश्चिम मध्य रेल से प्रारम्भ/टर्मिनेट होने वाली गाड़ी संख्या 01663/01664 रानी कमलापति-कामाख्या-रानी कमलापति साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन में वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के दो कोच तत्काल प्रभाव से स्थाई रूप से बढ़ाए जा रहे हैं । यह गाड़ी पश्चिम मध्य रेलवे के रानी कमलापति से प्रारम्भ/टर्मिनेट होकर होशंगाबाद, इटारसी, पिपरिया, गाडरवारा, नरसिंहपुर, जबलपुर, कटनी, मैहर, सतना स्टेशनों से होकर गुजरती है।

ये दो कोच लगाए जाने से इस रेलगा?ी में वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के कोचों की संख्या 3 से ब?कर अब 5 हो जाएगी ।रेलवे द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया कि गा?ी संख्या 01663 रानी कमलापति से कामाख्या साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन में 2 जून 2022 से प्रत्येक गुरुवार को प्रारंभिक स्टेशन रानी कमलापति से और वापसी में गा?ी संख्या 01664 कामाख्या से रानी कमलापति साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन में 4 जून 2022 से प्रत्येक शनिवार को प्रारंभिक स्टेशन कामाख्या से वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के दो कोच स्थाई रूप से लगाये जाएंगे । गाड़ी में दो कोच बढ़ जाने से अब यह गाड़ी 01 वातानुकूलित प्रथम सह द्वितीय श्रेणी, 01 वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी, 05 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी, 10 शयनयान श्रेणी, 03 सामान्य श्रेणी एवं 01 जनरेटर कार, 01 एसएलआरडी सहित कुल 22 कोच के साथ चलेगी।

### जबलपुर रेल मंडल का 67वां रेल सप्ताह समारोह

# कल सराहनीय रेल सेवा करने वाले मंडल के 374 रेल कर्मचारी होंगे पुरस्कृत

**जबलपुर यश भारत। जबलपुर रेल मंडल में कार्यरत लगभग 17 हजार रेल कर्मचारियों में से 374 रेल कर्मचारियों का चयन वर्ष 2021-22 के मंडल के प्रतिष्ठित डीआरएम अवार्ड के लिए चयनित किया गया है। चयनित कर्मचारियों की सूची कार्मिक विभाग द्वारा जारी होते ही मंडल के कर्मचारियों में हर्ष की लहर छा गई है।**

मंडल के चयनित कर्मचारियों को वार्षिक 67वें रेल सप्ताह समारोह में आगामी शनिवार 04 जून को 14.00 बजे से उत्स व सामुदायिक भवन मदनमहल में पुरस्कृत किया जाएगा। इस अवसर पर मंडल के 19 विभागों के 198 कर्मचारियों को मंडल का प्रतिष्ठित एवं गौरवशाली मंडल रेल प्रबंधक पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। उक्त व्यक्तिगत पुरस्कार के साथ ही 16 विभागों के अन्य 168 कर्मचारियों को समूह पुरस्कार भी प्रदान किया जाएगा। इसके साथ ही 8 रेल कर्मचारियों को विशेष व्यक्तिगत पुरस्कार भी मंडल रेल प्रबंधक संजय विश्वास द्वारा दिया जाएगा।

मंडल में वर्ष भर रेल सेवा को सत्यनिष्ठा एवं कर्तव्यनिष्ठा के साथ करने वाले उक्त कर्मचारियों का चयन मंडल की शाखाओं के अधिकारियों द्वारा की गई अनुशंसा के आधार पर किया जाएगा। इस पुरस्कार के स्वरूप कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र एवं नकद पुरस्कार प्रदान किये जायेंगे। समारोह में वर्षभर सराहनीय कार्य करने वाले विभागों को प्रोत्साहित करने हेतु विभागीय शील्ड भी प्रदान की जाएंगी। समारोह में जबलपुर स्टेशन के साथ ही अन्य स्टेशनों पर कार्यरत कर्मचारियों को भी उत्सव सामुदायिक भवन में आमंत्रित किया गया है। इस अवसर पर मंडल के सांस्कृतिक दल द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये जायेंगे। इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक दीपक कुमार गुप्ता एवं अमितोज बल्लभ सहित विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहेंगे।

## वार्ड से गुजरी बिजली लाइन को जल्द हटवाया जाएगा

**गोटेगांव** शहर में कई मोहल्ले हाइटेंशन लाइन की जद में है। गुरूनानक वार्ड मे घरों के ऊपर 33 केवी लाइन का खतरा मंडरा रहा है। लोग छत पर चढ भी नहीं सकते। न ही कोई निर्माण करा सकते है, ऐसे में लोगों को मकान निर्माण कराने में काफी परेशानी आ रही है। गुरूनानक वार्ड के निवासी कई बार हाइटेंशन लाइन के तार को हटाने की मांग कर चुके हैं, लेकिन बिजली कंपनी द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जिन मकानों के ऊपर से हाइटेंशन लाइन गुजर रही है, उन मकानों में रहने वाले लोग हमेशा डर के साए में जी रहे हैं। लोग अपने घर छत होने के बाद भी नहीं जा पा रहे हैं। इन लोगों को सबसे ज्यादा खतरा बारिश के समय में रहता है। रहवासियों का कहना है कि बिजली कंपनी में कई बार शिकायत की, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है। वार्डवासियों का कहना है कि, तेज हवा चलने से मकानों के ऊपर से गुजर रही हाइटेंशन लाइन टकराने से कई बार चिंगारियां गिरने लगती हैं। इससे कभी भी ब?ा हादसा हो सकता है। शिकायत का निराकरण नहीं होने के बाद गुरुनानक वार्ड के रेहवासी गोटेगांव एसआरजी कार्यालय पहुंचे जहां पर उन्होंने भाजपा युवा नेता मणिनागेंद्र सिंह पटेल को अपनी आपबीती सुनाई युवा नेता ने बाढ़ वासियों को बात को संज्ञान में लेते हुए गोटेगांव विद्युत विभाग से जानकारी प्राप्त की विदेश में विद्युत विभाग द्वारा बताया गया कि यह कार के स्टीमेट में करीब 135000 खर्च होंगे भाजपा युवा नेता ने जिम्मेदारी लेते हुए विभाग निधि के बाद बाकी बची शेष राशि खुद देने का निर्णय लिया और गरीबों को आश्वासन दिया कि जल्द से जल्द वार्ड से निकली बडी लाइन को हटवाया जाएगा। वार्ड वासियों ने युवा नेता श्री पटेल को धन्यवाद देते हुए आभार व्यक्त किया । उन्होंने बताया आपबीती चंद्रशेखर कहार मालती कहार धारणा कहार आरती मांझी विष्णु प्रसाद मोहिनी कहार दुर्गेश कहार मनोज आदि मौजूद रहे।

## अभिनेता अदिवि शेष की बहुप्रतीक्षित फिल्म मेजर



**एजेंसी।** अभिनेता अदिवि शेष इनदिनों अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म %मेजर% को लेकर काफी उत्साहित है। फिल्म में सई मांजरेकर, शोभिता धूलिपाला, प्रकाश राज, रेवती और मुरली शर्मा भी हैं। इस फिल्म से अभिनेता अदिवि शेष को काफी उम्मीद है। सच्ची घटनाओं से प्रेरित यह फिल्म अदिवि शेष द्वारा निभाए गए वास्तविक जीवन के नायक मेजर संदीप उन्नीकृष्णन के जीवन और समय को दर्शाती है। मेजर उन्नीकृष्णन ने 26 नवंबर, 2008 को मुंबई के ताजमहल पैलेस होटल में हेरिटेज होटल पर कुख्यात हमले के दौरान आतंकवादियों द्वारा शहीद होने से पहले कई बंधकों की जान बचाई थी।अदिवि शेष अपनी इस फिल्म के प्रमोशन के सिलसिले में कई शहरों का दौरा किया, जहाँ भी इस फिल्म की स्पेशल स्क्रीइंग रखी गयी थी, फिल्म देखने के बाद प्रत्येक व्यक्ति की आँखे नम नजर आ रही थी। हालही में मुंबई में राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड के लिए फिल्म की स्पेशल स्क्रीनिंग रखी गयी थी जहाँ पर 312 कमांडो ने अपनी फॅमिली के साथ इस फिल्म का लुफ्त उठाया। यह स्क्रीनिंग अदिवि शेष के लिए बेहद खास थी, उन्हें इस फिल्म में शानदार प्रदर्शन के लिए ब्लैक कैट कमांडो मैडल से सम्मानित किया गया। बकौल मेजर की भूमिका के लिए मिले ब्लैक कैट कमांडो मैडल की अहमियत मेरे लिए ऑस्कर से भी कहीं ज्यादा है।

## तबादला होने के बाद भी प्राचार्य-डीईओ ने नहीं किया रिलीव

# मॉडल स्कूल के शिक्षकों को सीएम राइज स्कूल पसंद नहीं




**जबलपुर, यशभारत। पं. लज्जा शंकर झा उत्कृष्ट विद्यालय जबलपुर में पदस्थ करीब आधा दजऱ्न शिक्षकों का तबादला मप्र सरकार की महत्वकांक्षी सीएम राइज योजना के स्कूलों में हुआ है।**

सभी शिक्षकों को 1 जून को संबंधित तबादले वाले सीएम राइज स्कूलों में ज्वाइनिंग देनी थी लेकिन जानकर हैरानी होगी कि मॉडल स्कूल प्राचायज़् और जिला शिक्षा अधिकारी ने इन्हें रिलीव ही नहीं किया। जबकि अन्य जिलों में शिक्षकों को सीएम राइज स्कूल के रिलीविंग दे दी गई है। कहा जा रहा है कि जबलपुर इकलौता स्कूल जहां के शिक्षकों को सीएम राइज योजना पसंद नहीं है इसलिए तबादला वाले स्कूल में जाना नहीं चाहते हैं।

मप्र सरकार योजना फ्लाप हो शिक्षकों ने बनाया मन मॉडल स्कूल जबलपुर के शिक्षक जिस मंशा से सीएम राइज स्कूल में जाना नहीं चाहते है उससे स्पष्ट हो गया कि वह मप्र सरकार की इतनी महत्वपूणज़् योजना को सफ्ल होना नहीं देना चाहते हैं। मप्र सरकार का योजना शुरू करने का मकसद यही है कि मप्र की शैक्षणिक व्यवस्था बेहतर हो। सीएम राइज के माध्यम से बच्चों को अच्छी शिक्षा मिले और इसके लिए सरकार मनचाहा पैसा भी खचज़् कर रही है।

### आयुक्त के आदेश हवा में

लोक शिक्षण संचालनालय आयुक्त ने प्रदेश के समस्त जिला शिक्षा अधिकारियों को एक पत्र जारी कर स्पष्ट निदेज़्श दिए थे कि 1 जून को उन शिक्षकों को रिलीव कर दिया जाए जिनका तबादला सीएम राइज स्कूलों में हुआ है। परंतु जबलपुर जिले में इसका पालन नहीं हुआ है शेष जिलों में एक जून को सभी शिक्षकों को रिलीव कर दिया गया है।

## जबलपुर मेडिकल कॉलेज-चिकित्सालय सहित सभी मेडिकल कॉलेज में खादी को बढ़ावा देने आयोग ने की पहल:

# डॉक्टर ज्यादा से ज्यादा यूज करें खादी



जबलपुर यशभारत। राष्ट्रीय आयुविज्ञ़ान आयोग ने सभी मेडिकल कॉलेज और इससे जुड़े संस्थानों के प्रमुखों को पत्र लिखकर मशविरा दिया है कि वे अपने संस्थानों में खादी और उससे जुड़े उत्पादों के उपयोग को बढ़ावा दें।इस आशय का आग्रह पत्र आयुविज्ञ़ान आयोग के अध्यक्ष ने सभी संबंधित प्रमुखों को लिखा है।

पत्र में उन्होंने लिखा है कि खादी और ग्रामोद्योग आयोग सूक्ष्म लघु और मध्यम उद्योग मंत्रालय के तहत वैधानिक संस्थान है।जिसे मंत्रालय वित्तीय सहायता प्रदान करता है।जिसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में हजारों रोजगार पैदा करना है।खादी ग्रामोद्योग आयोग की मंशा है कि चिकित्सकीय पेशे जुड़े संस्थानों द्वारा खादी ग्रामोद्योग के उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए आगे आयें।संस्थानों के लिए बेड कवर तकिया कवर हेण्ड वास फ्ऱिायल डाक्टरों को अनिवायज़् रूप से पहने जाने वाले सफेद कोट आदि का उत्पादन किया जाता है।जो न केवल स्वास्थ्य अपितु पयाज़्वरण के अनुकूल हैं।सभी डाक्टसज़् अस्पताल प्रबंधन नसिंज़्ग होम आदि से खादी और उससे जुड़े उत्पादों को बढ़ावा देने की अपील की है।

# खमरिया में गैंगरेप

**जबलपुर, यशभारत।** घर छोड़ने के बहाने खमरियाके मटामर जंगल ले जाकर गैंगरेप करने वालो दोनों ही आरोपियों को पुलिस ने दबोच लिया है। आरोपी और उसकी दासती पत्नी ने बड़ी ही होशियारी के साथ पहले तो युवती को लिफ्ट दी और फिर रास्ते में बाइक रोककर उसके साथ ज्यादती की और मुंह खोलने पर जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गया। जिसके बाद घर आकर युवती ने परिजनों को आपबीती बताई। जिसके बाद पुलिस ने कार्रवाई कर दोनों ही आरोपियों को दबोच लिया।

खमरिया पुलिस जांच अधिकारी रुकमणी राजपूत ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि

# जंगल में ले जाकर की ज्यादती

## दासता पत्नी सहित आरोपी को पुलिस ने दबोचा



9 अप्रैल 2022 को 25 वर्षीय युवती ने रिपोर्ट दर्ज करवाई थी कि आरोपी बिंदा उर्फ अरविंद बैन निवासी मटामर और उसकी दासता पत्नी बाइक से मटामर जा रहे थे। खमरिया मेन रोड पर बाइक रोककर उससे कहा कि कहा जाओगी, बाइक में बैठ जाओ हम घर छोड़ देंगे। जिसके बाद पीड़िता बाइक में बैठ गयी।

### जंगल में रोक दी बाइक

पीड़िता ने बताया कि आरोपी बिंदा ने मटामर के बीच जंगल में बाइक रोक दी और पीड़िता के साथ जबरदस्ती की और किसी को कुछ बताने पर जान से मारने की धमकी दी। लेकिन पीड़िता ने जब यह बात अपने परिजनों को बताई तो वह तत्काल थाने पहुंचे। जिसके बाद दोनों ही आरोपियों को मटामर से पुलिस ने दबोच लिया है।

# बाइक सवार युवक को कार ने कुचला

## जबलपुर से लौट रहा था घर, पहुंचा लाडले का शव

**जबलपुर, यशभारत।** पाटन के नुनसर में बाइक सवार युवक को अज्ञात कार ने सीधी टक्कर मार दी। हादसे के दौरान युवक बाइक समेत रोड से उछलकर दस फिट दूर जा गिरा। जिसे सिर में गंभीर चोट आई थी। आनन-फानन में युवक को तत्काल एक निजी अस्पताल में भर्ती किया गया। जहां चले इलाज के दूसरे दिन इलाज के दौरान युवक की मौत हो गयी। युवक जबलपुर से अपने घर लौट रहा था, लेकिन जैसे ही आज शुक्रवार को युवक का शव घर पहुंचा, परिजन चीख पड़े। जिन्हें पुलिस और रिश्तेदारों ने सम्हाला। पुलिस ने मर्ग कायम कर, मामला जांच में लिया है।

नुनसर चौकी प्रभारी दुर्गेश कुमार ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि दीनानाथ काछी 35 वर्ष निवासी ग्राम जुगतरा थाना पाटन को नुनसर थाना पाटन के पास सड़क दुर्घटना में घायल होने से उपचार हेतु भर्ती कराया गया था। जिसकी इलाज के बाद मौत हो गयी। जिसकी सूचना थाना कोतवाली को दी गई है। मामले में पुलिस जांच जारी है।



## बाइक सवार को बेकाबू कार ने मारी टक्कर

**टूट गए पैर, बाल-बाल बची जान**

**जबलपुर, यशभारत।** माढ़ोताल के लक्ष्मी बाई साहू कॉलेज के सामने दरमियानी रात एक बेकाबू कार सवार ने बाइक चालक को सीधी टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार युवक के दोनों पैरों में गंभीर चोट आई हैं। जिसे तत्काल राहगीरों ने एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया है। वहीं, पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर, जांच में लिया है। पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि संजय पटैल निवासी लुहारी उम्र 38 साल ने बताया कि कॉलेज के सामने से निकलकर वह घर जा रहा था। तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार कार क्रमांक एमपी 20 जीके 3450 के चालक ने टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मामला जांच में लिया है।

# सम्राट पृथ्वीराज को मुख्यमंत्री शिवराज ने किया टैक्स फ्री

**जबलपुर,** । फिल्म अभिनेता अक्षय कुमार की फिल्म सम्राट पृथ्वीराज को मध्य प्रदेश में टैक्स फ्री कर दिया गया है। यह घोषणा मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने की। वे सर्किट हाउस में पत्रकारों से चर्चा कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि अक्षय कुमार उद्देश्य पूर्ण फिल्में बनाते है। भारत का गौरवशाली इतिहास वीरता सुशासन से सम्राट पृथ्वीराज ने रचा है। उनके शौर्य साहस कर्तव्य परायणता पर हर किसी को गर्व है इसी को ध्यान में रखते हुए फिल्म सम्राट पृथ्वीराज को मध्य प्रदेश में टैक्स फ्री करने का फैसला लिया गया है।



मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के आने से कार्यकर्ताओं में अभूतपूर्व उत्साह बन गया है। उन्होंने कहा है कि भोपाल में पार्टी अध्यक्ष ने जहां कार्यकर्ताओं को संबोधित किया तो वही जबलपुर में युवाओं को कनेक्ट कर उनमें जोश भरा है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि राष्ट्रीय अध्यक्ष ने बूथ की बैठक तक ली कोई सोच नहीं सकता कि राष्ट्रीय अध्यक्ष जैसे पद पर रहने के बावजूद भी वे बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं के बीच जाएंगे और उनकी बैठक लेंगे।

मुख्यमंत्री ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने जहां पार्टी के वरिष्ठ जनों के निवास पर जाकर उनसे मुलाकात की तो वही एक छोटे कार्यकर्ता के घर जाकर भी परिजनों से भेंट की। एक आम कार्यकर्ता ने कभी सोचा नहीं था कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष भी उनके घर आएंगे ऐसा सिर्फ भाजपा में ही हो सकता है। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने मध्य प्रदेश में हो रहे कामों की भरपूर सराहना भी की है।

# भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा दिल्ली रवाना



**जबलपुर।** भारतीय जनता पाटीज़् के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जगतप्रकाश नड्डा जी एवँ उनकी धमज़्पत्नी श्रीमती मल्लिका बैनजीज़् नड्डा दोपहर 1:30 बजे वायुयान से दिल्ली रवाना हुए। उनके साथ साँसद श्री राकेश सिंह भी दिल्ली रवाना हुए। डुमना एयरपोटज़् पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, प्रदेश अध्यक्ष साँसद श्री वीडी शमाज़्, केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद पटेल, प्रदेश महामंत्री शरतेन्दु तिवारी, कविता पाटीदार, प्रदेश उपाध्यक्ष आशीष दुबे, नगर अध्यक्ष जीएस ठाकुर, जिला प्रभारी वीरेंद्र गुप्ता, विधायक अजय विश्नोई, अशोक रोहाणी, पूवज़् विधायक शरद जैन, हरेन्द्रजीत सिंह बब्बू, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी प्रशान्त तिवारी, अनिल पटेल, महामंत्री पंकज दुबे, रजनीश यादव, जय सचदेवा, कमलेश अग्रवाल ने विदाई दी।

### मुख्यमंत्री शिवराज सिंह महाराष्ट्र रवाना

- राष्ट्रीय अध्यक्ष की विदाई के बाद मुख्यमंत्री शिवराज सिंह वायुयान से अमरावती (महाराष्ट्र) रवाना हुए।

# मझगवां की नहर में मिला युवक का शव

### क्षेत्र में हड़कंप, नहीं हुई शिनाख्त

जबलपुर, यशभारत। मझगवां की नहर में एक अज्ञात युवक का शव मिलने से हड़कंप मच गया। आसपास के लोगों ने जैसे ही नहर में उतराते शव को देखा तो कांप गए। जिसकी सूचना तत्काल पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम हेतु भेजते हुए मर्ग कायम कर, मामला जांच में लिया है। फिलहाल शव की शिनाख्त नहीं हो सकी है।

पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि चचली नहर में एक युवक का शव उतराते हुए लोगों ने देखा। जिसके बाद मौके पर पहुंचकर मामले की जांच की जा रही है। शव अज्ञात युवक उम्र करीब 41 वर्ष का है। आसपास के इलाकों में पतासीज की, लेकिन शिनाख्त नहीं हो सकी है। पुलिस मामले की बारीकी से पड़ताल कर रही है।

# शहपुरा-ग्वारीघाट में दो युवकों की दर्दनाक मौत

## ट्राले के बीच में फंसकर खुल गया सिर

**जबलपुर, यशभारत।** शहपुरा और ग्वारीघाट में हुए सड़क हादसे में दो युवकों की दर्दनाक मौत हो गयी है। खिरकाखेड़ा मोड के पास बेकाबू ट्राले ने बाइक सवार युवक को कुचल लिया, जहां ट्राले के बीच में फंसकर घटना स्थल पर ही युवक ने दम तोड़ दिया, तो वहीं ग्वारीघाट में अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत हो गयी।

जानकारी अनुसार पुलिस को गणेश मल्लाह 38 वर्ष निवासी मालकछार ने बताया कि वह खिरकाखेड़ा रेतनाका में काम करता है। जब वह रोड किनारे खड़ा था तभी बाइक क्रमांक एमपी 20 एन एफ 6224 में भिटौनी निवासी ब्रजराज उर्फ गोविंदा लोधी 31 वर्ष अमन ढाबा की तरफ से मगरमुंहा नाका की तरफजा रहा था। जैसे ही ब्रजराज खिरकाखेड़ा मोड के पास पहुंचा तभी मगरमुंहा टोलनाका की तरफ से ट्राला क्रमांक आरजे 48 जेए 0983 ने सामने से बाइक में टक्कर मार दी। जिससे ब्रजराज लोधी ट्राला के नीचे दब गया जिसकी मौके पर ही मौत हो गयी। ट्राला चालक ट्राला लेकर भाग गया।

## अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर

इसी प्रकार थाना प्रभारी ग्वारीघाट श्रीमती भूमेवश्वरी चैहान ने बताया कि बादशाह हलवाई मंदिर के पास युवक के एक्सीडेण्ट में घायल होने से घायल को विक्टोरिया अस्पताल ले जाया गया जहां, घायल की हालत गम्भीर होने से उपचार हेतु मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया, घायल को 108 एम्बुलेंस से मेडिकल कॉलेज ले जाया गया जहॉ डॉक्टर ने चैक कर युवक को मृत घोषित कर दिया। मृतक के पास मिले आधारकार्ड के पते पर सूचना दी गयी। मृतक के छोटे भाई नितिन ठाकुर उम्र 18 निवासी घमापुर चैक बेलबाग ने अज्ञात मृतक की पहचान अपने भाई मोहित ठाकुर उम्र 22 वर्ष के रूप में की। पंचनामा कार्यवाही कर शव को पीएम हेतु भिजवाते हुये मर्ग कायम कर जांच में लिया गया।

# गंगा दशहरा पर इस बार 10 में से आठ योग रहेंगे विद्यमान

**जबलपुर।** ज्येष्ठ मास की दशमी तिथि पर 9 जून को गंगा दशहरा मनाया जाएगा। गंगा दशहरा पर 10 योग विशेष माने गए हैं। इस बार 10 में से आठ योग विद्यमान रहेंगे। धर्मशास्त्र के जानकारों के अनुसार 10 योगों के कारण ही इस दिन को दशहरा कहा गया है। ज्योतिषाचार्य के अनुसार धर्म शास्त्रीय मान्यता के अनुसार गंगा दशहरा पर गंगा माता के पूजन की परंपरा है। इस दिन गंगा माता का पंचोपचार पूजन करने से अथवा विधिवत व्रत रखने से व्यक्ति के ज्ञात अज्ञात दोषों का प्रायश्चित होता है। साथ ही गंगा माता की कृपा से कल्याण की प्राप्ति होती है। पंचांगीय गणना से गंगा दशहरा पर जिन 10 योगों की मान्यता है, इनमें ज्येष्ठ मास, शुक्ल पक्ष, दशमी तिथि, बुधवार का दिन, हस्त नक्षत्र, व्यतिपात योग, गर करण, आनंद योग, कन्या राशि का चंद्रमा तथा वृषभ राशि का सूर्य का होना दर्शाया गया है। इस बार 10 में से 8 योग: 9 जून को गंगा दशहरा पर 10 में से 8 योग विद्यमान रहेंगे, इसमें ज्येष्ठ मास, शुक्ल पक्ष, दशमी तिथि, हस्त नक्षत्र, व्यतिपात योग, गर करण, कन्या राशि का चंद्रमा तथा वृषभ राशि का सूर्य रहेगा।

# महापौर की तर्ज पर नपा अध्यक्ष का चुनाव नहीं

## हाईकोर्ट ने कहा अधिसूचना जारी होने पर रोक संभव नहीं

**जबलपुर। प्रदेश में महापौर की तरह नगर पालिका अध्यक्षों का चुनाव जनता से कराए जाने की मांग हाईकोर्ट ने फिलहाल खारिज कर दी। कहा कि एक बार अधिसूचना जारी होने के बाद चुनाव पर अंतरिम रोक नहीं लगाई जा सकती है। इस मामले पर कोर्ट खुलने के बाद सुनवाई होगी।**

हाईकोर्ट की डबल बेंच में जस्टिस अतुल श्रीधरन और जस्टिस डीके पालीवाल ने मामले की सुनवाई की। कोर्ट ने कहा कि ग्रीष्म अवकाश के बाद इस मामले की सुनवाई नियमित बेंच में होगी। नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच के डा. पीजी नाजपांडे की ओर से हाईकोर्ट में ये याचिका दायर की गई है। इसमें राज्य सरकार के उस फैसले को चुनौती दी गई है, सिर्फ नगर निगम के महापौर का चुनाव सीधे जनता से कराने का निर्णय लिया गया।

### राज्य सरकार के संशोधन पर सवाल

याचिका में कहा गया है कि महापौर की तरह ही नगर पालिका के अध्यक्ष का चुनाव भी प्रत्यक्ष यानी सीधे जनता से कराया जाए। अधिवक्ता दिनेश उपाध्याय ने कोर्ट में पक्ष रखा कि राज्य सरकार ने नगर पालिक अधिनियम की धारा-नौ में संशोधन कर नगर निगम के महापौर का चुनाव प्रत्यक्ष प्रणाली से कराने का निर्णय लिया है। वहीं सरकार ने अध्यादेश जारी कर नगर पालिका के अध्यक्ष का चुनाव चुने गए पार्षदों से कराने का निर्णय लिया है। जबकि दोनों की कार्यप्रणाली में कोई अंतर नहीं है।

### कार्यप्रणाली एक, तो चुनाव प्रणाली में कैसे अंतर

राज्य सरकार का ये कदम भेदभावपूर्ण है। जब कार्यप्रणाली में भेदभाव नहीं तो चुनाव प्रणाली में अंतर क्यों? पर कोर्ट ने याचिका में चाही गई अंतरिम राहत के तौर पर चुनाव पर रोक लगाने की मांग को खारिज कर दिया। प्रदेश में 16 नगर निगम में महापौर का चुनाव सीधे जनता करेगी। अब ये साफ हो गया है कि प्रदेश में 99 नगर पालिका के अध्यक्ष पद का चुनाव चुने हुए पार्षद करेंगे।

# दवा कंपनी की फ्रेंचायजी देने के नाम पर 3 करोड़ की ठगी

## जबलपुर, ग्वालियर, धार, इंदौर में 8 मामले दर्ज

**उत्तर प्रदेश के है शातिर ठग, लाखों रुपयों के फायदे का लालच देकर दर्जनों को लगाया चूना**

जबलपुर, यशभारत। उत्तर प्रदेश के शातिर ठगों ने जबलपुर, इंदौर, ग्वालियर, धार में दवा कंपनी की फ्रेंचायजी देने के नाम पर दर्जनों लोगों को ठग लिया। अभी तक आरोपियों के खिलाफ विभिन्न थानों में 8 एफआईआर दर्ज हो चुकीं है। पुलिस ने मामले में दो आरोपियों को दबोचा है। जिन्हें पुलिस रिमांड में लेगी।

मदन महल टीआई नीरज वर्मा के मुताबिक गोल बाजार निवासी 27 वर्षीय शुभम जैन ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि दवा सप्लाई करने के नाम पर भूपेंद्र सिंह चौहान, उर्वशी भदौरिया और कुंवर पुष्पेंद्र सिंह चौहान ने अपने जाल में फंसाया तीनों यूपी के रहने वाले हैं और इंदौर में वर्तमान में रह रहे हैं। तीनों ने शुभम से लाखों रुपए लिए और बदले में फ्रेंचायजी देने का लालच दिया। इतना ही नहीं शातिर ठग ने ओमती में भी अमित जैन को करोड़ों का लालच देकर पैसे ठग लिए है। इंदौर में बना रखी है तीनों ने दवा सप्लाई नाम से फॉर्म

शातिर ठगों ने ऑक्सीजन लाइफ लाइन रिटेल प्राइवेट लिमिटेड इंदौर के नाम से दवा की सप्लाई करने का एग्रीमेंट किया था। एग्रीमेंट करके उसने तीनों को रुपए दे दिए लेकिन 1 सितंबर 2019 से 15 अक्टूबर 2020 के बीच तीनों ने रुपए लेने के बाद भी उसे ना तो दवा की सप्लाई की और ना ही उससे रुपए वापस किए।

**न्यायालय तहसीलदार तहसील अधारताल, जिला जबलपुर**

राप्रक्र/409/अ-6/2021-2022

जबलपुर दिनांक 24/5/22

**आम इश्तहार**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती ममता श्रीवास्तव पिता श्री सुशील श्रीवास्तव निवासी वसुंधरा कालोनी जबलपुर के द्वारा मौजा लक्ष्मीपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 247/1/2, में से रकवा 835 वर्गफुट भूमि पर जगदीश प्रसाद खरे की मृत्यु दिनांक 5.01.2022 को हो जाने के कारण वारसान हक में फौती वसीयत नामांतरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 8.6.2022 तक इस न्यायालय में स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात प्रस्तुत दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। आज आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

जारी दिनांक 24.5.22

पेशी दिनांक 8.6.22

**तहसीलदार**
**अधारताल जबलपुर**

**न्यायालय तहसीलदार तहसील अधारताल, जिला जबलपुर**

राप्रक्र/2565/अ-6/2022-2023

जबलपुर दिनांक 24/5/22

**आम इश्तहार**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती आरती पटेल पति स्व श्री संतोष पटेल पता सुभद्रा कुमार चौहान वार्ड निवासी रानीपुर के द्वारा मौजा रानीपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 19/2, 18 में से रकवा 3740 वर्गफुट भूमि पर श्रीमती भगवती बाई पटेल की मृत्यु दिनांक 16.01.2006 को हो जाने के कारण वारसान हक में फौती वसीयत नामांतरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 10.6.2022 तक इस न्यायालय में स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात प्रस्तुत दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। आज आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

जारी दिनांक 24.5.22

पेशी दिनांक 10.6.22

**तहसीलदार**
**अधारताल जबलपुर**

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार अधारताल, जिला जबलपुर**

राप्रक्र/2127/अ-6/2020-2021

जबलपुर दिनांक 9/5/22

**आम इश्तहार**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक नारायण प्रसाद रजक पिता रामप्रसाद रजक निवासी 143 गोसलपुर जबलपुर के द्वारा मौजा नंदना खसरा नंबर 46/1, नया 34/1 में से रकवा 0.060 हे वर्गफुट भूमि जो आवेदक के द्वारा विक्रेता श्रीमती बेनी बाई चौबे पति स्व खुनखुन चौबे से रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 31/7/2001 से क्रय किया जाना लेख किया है। तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 10/6/22 तक इस न्यायालय में स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात प्रस्तुत दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

जारी दिनांक 9.5.22

पेशी दिनांक 10.6.22

**अतिरिक्त तहसीलदार**
**अधारताल जबलपुर**

# भारत की मुक्केबाजी टीम घोषित, ट्रायल में शिवा जीत

## पंघाल के साथ सुमित और हसीमुद्दीन भी चुने गए

विश्व चैंपियनशिप के पदक विजेता मुक्केबाज अमित पंघाल और शिवा थापा ने गुरुवार को ट्रायल्स जीतकर आगामी राष्ट्रमंडल खेलों के लिए भारतीय टीम में जगह बना ली है। विश्व चैंपियनशिप 2019 के रजत पदक विजेता पंघाल ने 51 भारवर्ग में जीत दर्ज की जबकि थापा ने 63.5 किलो वर्ग में ट्रायल जीता। इनके अलावा 2018 के कांस्य पदक विजेता मोहम्मद हसमुद्दीन (57 किलो), रोहित टोकस (67 किलो) गत राष्ट्रीय चैंपियन सुमित (75 किलो),आशीष कुमार (80 किलो), संजीत (92 किलो) और सागर (92 प्लस किलो) भी टीम में जगह बनाने में कामयाब रहे हैं। राष्ट्रमंडल खेल बर्मिंघम में 28 जुलाई से आठ अगस्त तक खेले जाएंगे। पंघाल ने सेना के मुक्केबाज दीपक को बंटे हुए फैसले पर 4-1 से हराया। पंघाल ने गोल्ड कोस्ट में हुए पिछले राष्ट्रमंडल खेलों में रजत पदक जीता था। विश्व चैंपियनशिप 2015 के कांस्य पदक विजेता थापा ने 2018 राष्ट्रमंडल खेलों के रजत पदक विजेता मनीष कौशिक को 5-0 से मात दी। वहीं, 57 भारवर्ग में हसीमुद्दीन ने 2019 एशियाई चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता कविंदर सिंह बिष्ट को 4-1 से हराया। रेलवे के रोहित ने उत्तर प्रदेश के आदित्य प्रताप यादव को वेल्टरवेट वर्ग



में 3-2 से मात दी। सुमित, आशीष, संजीत और सागर सभी ने 5-0 से जीत दर्ज की। भारत ने 2018 राष्ट्रमंडल खेलों में मुक्केबाजी में तीन स्वर्ण, तीन रजत और तीन कांस्य पदक जीते थे। महिला वर्ग के ट्रायल अगले सप्ताह होंगे।

### भारतीय टीम

अमित पंघाल (51 किलो),शिवा थापा (63.5 किलो), मोहम्मद हसमुद्दीन (57 किलो), रोहित टोकस (67 किलो), गत राष्ट्रीय चैंपियन सुमित (75 किलो) , आशीष कुमार (80 किलो), संजीत (92 किलो) और सागर (92 प्लस किलो)।



# स्वप्निल ने दिलाया 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशंस में रजत

## भारत को मिला दूसरा पदक

भारतीय निशानेबाज स्वप्निल कुसाले ने अजरबेजान के बाकू में चल रहे आईएसएसएफ विश्व कप की पुरुष वर्ग की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशंस (थ्रीपी) स्पर्धा में रजत पदक जीतकर देश को इस प्रतियोगिता में दूसरा पदक दिलाया। छब्बीस साल के स्वप्निल को रियो ओलंपिक के रजत पदक विजेता यूक्रेन के सेरही कुलिश से स्वर्ण पदक के मैच में 10-16 से हार मिली। यह स्वप्निल का पहला व्यक्तिगत आईएसएसएफ विश्व कप चरण पदक है। भारत की 12 सदस्यीय राइफल टीम ने एक स्वर्ण और एक रजत जीत लिया है जिससे पदक तालिका में अब पांचवें स्थान पर पहुंच गई। स्वप्निल ने प्रतियोगिता में विश्व स्तरीय निशानेबाजों के बीच दो दिन काफी अच्छा प्रदर्शन किया। वह शीर्ष आठ रैंकिंग राउंड में कुलिश के बाद दूसरे स्थान पर रहे और फिर स्वर्ण पदक की भिड़ंत में यूक्रेन के इस चैंपियन से हार गए। कुलिश ने रैंकिंग राउंड में 411 अंक का स्कोर बनाया था लेकिन स्वप्निल ने 409.1 अंक बनाए। फिनलैंड के एलेक्सी ने 407.8 अंक से कांस्य पदक जीता।

# युद्ध पीड़ित यूक्रेन को फुटबॉल टीम ने जीत से दी खुशी की चमक



## स्कॉटलैंड को 3-1 से हराया

युद्ध से परेशान यूक्रेन देशवासियों को खुशी देने का मौका तब मिला, जब विश्व कप में क्वालिफाई करने के लिए उतरी यूक्रेन फुटबॉल टीम ने प्ले ऑफ सेमीफाइनल के मैच में स्कॉटलैंड को 3-1 से हरा दिया। चमकीले पीले रंग के कपड़े पहने खिलाड़ियों ने इस जीत से अपने युद्ध पीड़ित देश के चेहरे पर चमक लाई। अब यूक्रेन का सामना रविवार को वेल्स से होगा और जीतने वाली टीम नवंबर में होने वाले कतर विश्व कप में जगह बनाएगी।

## स्टेडियम में मौजूद थे 3 हजार यूक्रेन टीम के समर्थक

मैच के शुरुआत से ही यूक्रेन के खिलाड़ियों ने आक्रामक खेल दिखाना शुरू कर दिया। टीम के अनुभवी कप्तान एंड्री यारमेलंको ने 33वें मिनट में पहला दमदार गोल करके टीम को शुरुआती बढ़त दिलाई। पहले हॉफ में यूक्रेनी फुटबॉलरों ने मैच में अपनी आत्मा झोंक दी। दूसरे हॉफ के शुरुआत मिनट (49वें मिनट) में ही कप्तानी एंड्री के शानदार शॉट की बदौलत रोमन यारमेचुक ने हेडर से गोल दागकर बढ़त 2-0 कर दी। जब यह गोल हुआ, तब स्टेडियम में बैठे 51 हजार दर्शकों में लगभग तीन हजार यूक्रेनी दर्शकों ने जोश के साथ जश्न मनाया और अपने झंडे को हवा में लहराने लगे।

## स्कॉटलैंड ने किया एकमात्र गोल

मैच के 79वें मिनट में स्कॉटलैंड के कॉलम मैकग्रोगर ने गोल करके टीम के लिए पहला गोल दागा। इसके बाद मैच के आखिरी मिनट में आर्टेम डोवबीक के गोल ने यूक्रेनी टीम की जीत सुनिश्चित कर दी। सभी खिलाड़ी आसमान की ओर देखकर जमीन पर बैठ गए और जश्न मनाने लगे। स्टेडियम में मौजूद स्कॉटलैंड के प्रशंसकों ने भी इस जीत पर तालियां बजाईं और अभिवादन किया। बाद म सें यूक्रेन टीम के खिलाड़ियों ने अपने नीले और पीले रंग के राष्ट्रीय ध्वज के साथ मैदान का चक्कर लगाया। मैच पहले जब यूक्रेन देश का राष्ट्रगान गाया गया तब स्कॉटिश प्रशंसक भी एकजुटता के संदेश को लेकर उनके गाने में शामिल हुए।

# रोमांटिक कपल ने जीता स्मार्ट जोड़ी का खिताब

## ट्रॉफी के साथ मिला तगड़ा कैश प्राइज

नई दिल्ली। फरवरी में शुरू हुए टीवी रिएलटी शो स्मार्ट जोड़ी को आखिरकार अपना विजेता मिल गया है। यह शो 10 खूबसूरत जोड़ियो के साथ शुरू हुआ था और सभी ने शो को जीतने के लिए पूरी मेहनत की, लेकिन फिनाले में अंकिता लोखंडे-विक्की जैन और बलराज स्याल-दीप्ति तुली की जोड़ी ही पहुंच पाई। कड़ी टक्कर के बाद अंकिता और विक्की ने ट्राफी अपने नाम की और इसके साथ ही इन्हें तगड़ कैश प्राइज भी मिला। इस साल ही शादी के बंधन में बंधे अंकिता और विक्की को साथ में रहते हाल ही में चार महीने हो गए। दोनों ने फोर मंथ वेडिंग एनिवर्सरी के मौके पर यह शो जीता। जिसने उनके सेलिब्रेशन को दोगुना कर दिया। इसके साथ ही उन्हें 25 लाख का कैश प्राइज भी दिया गया। शो के फिनाले में बॉलीवुड के क्यूट कपल रितेश देशमुख और जेनेलिया डिसूजा को बुलाया गया। इनके साथ सिंगर कुमार शानू ने भी शिरकत की। शो में विनर को ट्रॉफी और चेक इन्होंने ही अपने हाथ से दिया। शो के जीतने पर अंकिता ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा, %स्मार्ट जोड़ी का खिताब जीतकर मैं बहुत ही ज्यादा खुश हूं। ये फीलिंग्स घबराहट और खुशी दोनों की ही है। मेरे बेटर हाफ विक्की (ङ्कद्बष्द्म4) के बिना यहां तक पहुंच पाना बिल्कुल भी संभव नहीं था। हम एक थे और एक साथ हमने खेला। हमें जरूरत थी ट्रॉफी जीतने की क्योंकि गठबंधन है ये। हमारे रिश्ते में जो बहुत जरूरी है। हमारे रिश्ते को इसने और भी ज्यादा मजबूत बनाया है। 4 महीने की ये सबसे अच्छी एनिवर्सरी थी जिसे हम एक-दूसरे को गिफ्ट में दे सकते थे। बहुत खुश हैं हमारा परिवार और हम इस जीत को पूरी खुशी के साथ मनाएंगे। बता दें कि स्मार्ट जोड़ी 26 फरवरी 2022 को टीवी चैनल स्टार प्लस पर शुरू हुआ था। शुरुआत में इस शो में 10 जोड़िया थीं। इनमें अंकिता लोखंडे-विक्की जैन, अर्जुन बिजलानी-नेहा स्वामी, मोनालिसा-विक्रांत सिंह, नील भट्ट-ऐश्वर्या शर्मा, नताल्या इलिना-राहुल महाजन, कृष्णमाचारी श्रीकांत-विद्या, बलराज स्याल-दीप्ति तुली, पल्लवी शुक्ला-अंकित तिवारी, भाग्यश्री-हिमालय, और गौरव तनेजा-रितु राठी शामिल हैं।





# बॉक्स ऑफिस पर आज सम्राट पृथ्वीराज से टक्कर लेंगे विक्रम और मेजर



नई दिल्ली जून की तपती दोपहरी से गर्म आज बॉक्स ऑफिस का तापमान रहने वाला है। साल की शुरुआत से ही साउथ फिल्मों ने हिन्दी फिल्मों को टिकट खिड़की पर टिकने नहीं दिया और आज तो ये घमासान डबल नहीं बल्कि ट्रिपल होने वाला है। अक्षय कुमार की सम्राट पृथ्वीराज, कमल हासन की विक्रम%और अदिवि शेष की फिल्म 'मेजर' मैदान में आमने सामने नजर आने वाली हैं। दिलचस्प ये है कि ये तीनों ही फिल्में अखिल भारतीय स्तर पर अपनी मूल भाषाओं के अलावा अन्य भारतीय भाषाओं में भी रिलीज हो रही हैं। तो आइए जानते हैं कि एडवांस बुकिंग के किस भी ने बाजी मारी है। सबसे पहले बात अक्षय कुमार की सम्राट पृथ्वीराज की, पूरे देश की निगाहें डॉ. चंद्र प्रकाश द्विवेदी की इस फिल्म पर टिकी है। ये फिल्म कुल 4950 स्क्रीन्स पर रिलीज हो रही है। इसमें घरेलू सिनेमाघरों में इसे हिन्दी में 3550 स्क्रीन्स और तमिल व तेलुगु के लिए 200 स्क्रीन्स पर रिलीज किया गया है। अक्षय कुमार की पिछली दो फिल्में %बच्चन पांडे% और %बेल बॉटम% फ्लॉप की ही श्रेणी में थीं इसलिए खिलाड़ी कुमार ने इसकी रिलीज से पहले कोई कोर कसर नहीं छोड़ी और जमकर फिल्म का प्रमोशन कर रहे हैं। फिल्म 'सम्राट पृथ्वीराज' की एडवांस बुकिंग उम्मीद के अनुसार तो नहीं रही क्योंकि इसने करीब 3.43 करोड़ ही एडवांस बुकिंग से कमाए हैं। जिसमें से 3.40 करोड़ हिन्दी और साउथ में सिर्फ 3 लाख की ही कमाई हुई।

## 'विक्रम' को मिली बंपर ओपनिंग

वहीं, तमिल सिनेमा के दिग्गज अभिनेता कमल हासन की विजय सेतुपति और फहाद फासिल के साथ बनी फिल्म विक्रम रिलीज से पहले ही काफी बज क्रिएट करने में कामयाब रही। जिसका असर इसकी एडवांस बुकिंग पर भी देखने को मिला। फिल्म ने सिर्फ तमिल में 10.70 करोड़ की एडवांस बुकिंग से सबको चौंका दिया। इसके हिन्दी वर्जन ने 25 लाख और तेलुगु वर्जन ने 60 लाख की कमाई की है। विक्रम की पहले दिन की ओपनिंग बंपर होने का अनुमान लगाया जा रहा है। फिल्म की कुल एडवांस बुकिंग अब तक 11.55 करोड़ कीहो चुकी है।

## फिल्म की कहानी

फिल्म में दिखाया गया है कि मेजर संदीप उन्नीकृष्णन ने कैसे मुंबई आतंकी हमले में अपनी जान की परवाह किए बिना कई लोगों की जान बचाई, जिसके लिए उन्हें कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा था। इसके अलावा फिल्म में मेजर संदीप के माता-पिता, उनकी प्रेम कहानी और उनकी सेना में हुई ट्रेनिंग को भी दर्शाया गया है। %मेजर% का निर्माण सोनी पिक्चर्स फिल्म्स इंडिया और महेश बाबू की जीएमबी एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड ने मिलकर किया है और इसका निर्देशन शशि किरण टिक्का ने किया है। फिल्म में अदिवी शेष और साई मांजरेकर के अलावा शोभिता धूलिपाला, प्रकाश राज, रेवती और मुरली शर्मा शामिल हैं।

# अदिवी शेष की परफोर्मेंस ने जीता दिल

## फैंस को भा गई देश के सुपरहीरो की कहानी

जून के शुरू हुए महीने के पहले हफ्ते में कई बड़े सितारों की फिल्मों सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है। मेगा बजट और बॉलीवुड सुपरस्टार अक्षय कुमार की फिल्म सम्राट पृथ्वीराज को टक्कर देने के लिए साउथ की दो फिल्में विक्रम और मेजर रिलीज हो चुकी हैं। इनमें से कौन सी फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बाजी मारेगी, इस बारे में तो कुछ नहीं कहा जा सकता। लेकिन, हां हम आपको अदिवी शेष स्टारर फिल्म %मेजर% का पहला शो देखने वाले लोगों का सोशल मीडिया रिएक्शन्स के बारे में बताने जा रहे हैं। 26/11 हमलों की भयावह तस्वीर सामने लाने वाली इस फिल्म ने लोगों के दिल में वही मंजर जगाते हुए, देश के एक ऐसे मेजर की कहानी उन्हें दिखाई जिसे देख उनकी आंखें नम हो गईं।

## लोगों ने ट्विटर पर दिए रिएक्शन

अदिवी शेष नॉर्थ के लोगों के लिए चाहे एक नया चेहरा हों लेकिन साउथ में वह एक जाना-माना नाम हैं। उनके फैंस फिल्म रिलीज होते ही बिना किसी इंतजार के सिनेमाघरों में उनकी %मेजर% देखने पहुंच गए। दर्दनाक पर एक्शन थ्रिलर फिल्म %मेजर% देखते ही फैंस ने अपने ट्विटर हैंडल पर इसकी खूब तारीफ की है। जहां कई लोगों ने इसे एक भावनात्मक फिल्म बताया, वहीं कुछ ने अदिवी शेष स्टारर फिल्म को बहादुर सैनिकों को अब तक की सबसे बेहतरीन श्रद्धांजलि बताया।

## फैंस ने जमकर की तारीफ

बहादुर एनएसजी कमांडो मेजर संदीप की इस कहानी ने लोगों को इतना भावुक कर दिया कि वह ट्विटर पर भी अपनी भावनाओं को बताने से खुदको रोक नहीं पाए। एक यूजर ने लिखा, मैं फिल्म मेजर की रेटिंग नहीं कर सकती। इस फिल्म को भावनाओं के साथ महसूस करना चाहिए और उन लोगों की



पर इस बायोपिक के असली लिए अपने विचार साझा करने शुरू कर दिए हैं। फैंस ने फिल्म को पॉजिटिव रिस्पॉन्स देते हुए ट्विटर



देशभक्ति का सम्मान करना चाहिए। दिल को छू लेने वाले दृश्य जो मेजर संदीप उन्नीकृष्णन को परिभाषित करते हैं, निस्संदेह बहादुर सैनिक को सबसे बेहतरीन श्रद्धांजलि है। एक दूसरे ने लिखा,मुझे फिल्म देखकर बहुत गर्व हुआ और आदिवी शेष, शशि टिक्का, साई मानजरेकर आप सभी को धन्यवाद। हमें भारत के ऐसे बहादुरों का कहानी, हीरो - मेजर संदीप उन्नीकृष्णन की कहानी हम तक लाने और दिखाने के लिए धन्यवाद। एक अन्य फिल्म के दूसरे पार्ट की तारीफ करते हुए लिखा,फिल्म का दूसरा हाफ बहुत अच्छा था। आखिरी 40 मिनट फिल्म का दिल और जान है, भावनाएं बहुत अच्छी तरह से दिखाई गई हैं।

## मुख्यमंत्री की चौपाल

# गरीबों की जिंदगी बदलना भाजपा का अभियान: सीएम





**जबलपुर, यशभारत। राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नडडा के दो दिवसीय दौर में शामिल होने शहर पहुंचे मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने उनके जाने के बाद तीसरे दिन शुक्रवार को जबलपुर की पूर्व विधानसभा के अंतर्गत आने वाले कांचघर बल्दीकोरी में चौपाल आयोजित की। चौपाल को संबोधित करते हुए सीएम ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी गरीब हितैषी है, गरीबों की जिंदगी बदलना पार्टी का अभियान है। आपकी बेहतर जिंदगी के लिए पार्टी काम कर रही है।**

### सर्किट हाऊस में बैठे थे राकेश-अंचल से कहा जनता के बीच ले चलो

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने चौपाल में कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष के जाने के बाद सर्किट हाऊस में बैठा था इसी दौरान राकेश सिंह और अंचल सोनकर जी आए मैंने उनसे कहा यहां करूंगा मुझे तो जनता के बीच ले चलो। बस मैं आ गया आप सबके बीच। सीएम ने कहा कि आपके बच्चे अगर मेडिकल से लेकर इंजीनियरिंग या अन्य कोई पढ़ाई करेंगे और इसके लिए जितना पैसा लगेगा उसे मामा लगायेगा, मप्र सरकार की लगाएगी।

### लोगों से सीधे संवाद किया, जानी उनकी समस्याएं

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शुक्रवार को कांच घर बल्दी कोरी की दफाई क्षेत्र में एक चौपाल का आयोजन किया जहां वे क्षेत्रीय लोगों के बीच पहुंचे इस दौरान सघन बस्ती में जाकर उन्होंने लोगों से सीधे संवाद स्थापित किया चौपाल में उनके साथ सांसद राकेश सिंह पूर्व विधायक अंचल सोनकर वह भारतीय जनता पार्टी नगर अध्यक्ष जी एस ठाकुर मौजूद रहे। भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के तीन दिनी प्रवास के चलते मुख्यमंत्री भी जबलपुर में है शहर में होने के कारण उन्होंने गुरुवार की रात एका एक जनता से संवाद स्थापित करने की इच्छा जाहिर की जिसके बाद आनन-फानन में यह कार्यक्रम रखा गया मुख्यमंत्री पैदल चलकर सघन बस्ती में पहुंचे और सरकार की योजनाएं जनता के बीच रखी।

# सीएम का आव्हान, सुरक्षित जीवन के लिये हर व्यक्ति पौधा लगाए



सर्किट हाउस परिसर में पौधारोपण करते सीएम।

जबलपुर यशभारत। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने जबलपुर प्रवास के दौरान आज शुक्रवार को भी रोज एक पौधा लगाने के अपने संकल्प का पालन करते हुये सर्किट हाउस परिसर में पीपल और मौलश्री के पौधों का रोपण किया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि पेड़ केवल हमें जीवन ही नहीं देते बल्कि वर्षा जल को अवशोषित कर इसे धरती में पहुँचाते हैं और गर्मियों में इसी पानी को बूंद-बूंद छोड़कर नमी बनाये रखने का काम करते हैं । उन्होंने कहा कि वृक्ष चिड़ियों और पक्षियों का ही नहीं बल्कि कई प्रकार के कीट-पतंगों और जीव-जंतुओं का भी आश्रय स्थल होते हैं। श्री चौहान ने आव्हान किया कि आने वाली पीढ़ी के सुरक्षित जीवन के लिये हर व्यक्ति पौधा लगाना होगा । मुख्यमंत्री ने वॉक एंड क्लीन तथा कल्याण आयु संस्था के सदस्यों के साथ सर्किट हाउस परिसर में पौधों को रोपण किया ।इस अवसर पर विधायक अजय विश्नोई एवं अशोक रोहाणी, मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष डॉ. जितेंद्र जामदार, अभिलाष पांडे भी मौजूद थे ।



# केन्द्रीय मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल के घर नड्डा व सीएम का आत्मीय स्वागत



केन्द्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल के गृह निवास पहुंचने पर राष्ट्रीय अध्यक्ष का फूल बरसाकर स्वागत किया गया।

**जबलपुर।** केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग एव जल शक्ति राज्यमंत्री प्रहलाद सिंह पटेल के जबलपुर स्थित निवास पर भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का आगमन हुआ। जहां उनका पुष्प बरसाकर व तिलक लगाकर स्वागत किया गया। उनके साथ मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान,केंद्रीय मंत्री फग्गन सिंह राष्ट्रीय सहसंगठन मंत्री शिव प्रकाश , प्रदेश प्रभारी मुरलीधर ,प्रदेश अध्यक्ष वी. डी .शर्मा , प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ,गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा , प्रभारी मंत्री गोपाल भार्गव , ओमप्रकाश धुर्वे , प्रदेश महामंत्री शरदेन्दु तिवारी , सुमित्रा बाल्मीकि , विधायक जालम सिंह ,पूर्व विधायक शरद जैन ,अंचल सोनकर ,विनोद मिश्रा , सदानंद गोडबोल ,श्रीमति स्वाति गोडबोले , प्रदेश मंत्री आशीष दुबे , अखिलेश जैन , अभिलाष पांडेय , साथ ही संभाग से सिवनी,छिंदवाड़ा के भाजपा जिला अध्यक्ष एव दमोह जिलाध्यक्ष दमोह विधायक राहुल सिंह ,विधायक धर्मेंद्र सिंह जबेरा, व विधायक हटा पी. एल.तंतुवय सहित समस्त गणमान्य चाय पर पधारें ।

# वेटरनरी विश्वविद्यालय को एक बार फिर ग्रेड ए से नवाजा गया



**जबलपुर यशभारत।** मध्य प्रदेश के एकमात्र पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय जबलपुर तथा इसके अंतर्गत संचालित समस्त पशु चिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय जिसमें जबलपुर ,महू ,रीवा , मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय तथा अन्य पाठ्यक्रमों को आईसीएआर नई दिल्ली द्वारा मान्यता प्रदान की गई है। जिस हेतु गत वर्ष 2021 के नवंबर माह में पियर रिव्यू कमेटी द्वारा 1 सप्ताह में सभी महाविद्यालयों के विभागों विश्वविद्यालय की विभिन्न इकाइयों का बारीकी से अवलोकन गुणवत्ता के पैमाने पर किया गया था तथा अपना प्रतिवेदन नेशनल एग्रीकल्चर एजुकेशन एकृडेशन बोर्ड के उच्च स्तरीय बैठक में दिल्ली में प्रस्तुत किया गया जिसमें वीयू को ग्रेड ऐसे नवाजा गया। यह उपलब्धि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉक्टर सीता प्रसाद तिवारी के कुशल नेतृत्व में हासिल हुई है जिसके फ्लस्वरूप विश्वविद्यालय की विभिन्न इकाइयों समस्त महाविद्यालय को आईसीएआर की ग्रांट प्राप्त होगी जिससे विभिन्न विभागों को और सुदृढ़ बनाया जाएगा तथा छात्र-छात्राओं को लाभ मिलेगा और विश्वविद्यालय पुन: अपने दायित्व का निर्वाह टीचिंग ,रिसर्च, एक्सटेंशन के माध्यम से प्रदेश के पशु पालकों किसानों के लाभ हेतु कार्यरत रहेगा।

# युवती को घोंपा चाकू 3 बदमाशों ने दिया वारदात को अंजाम

**जबलपुर।** गोकलपुर रांझी में सामुदायिक बरात घर में विवाह समारोह चल रहा था, तभी तीन हथियारबंद बदमाशों ने एक युवती पर प्राणघातक हमला करते हुए चाकू घोंप दिया। जिसके बाद युवती को तत्काल अस्पताल में भतीज़ करवाया गया, वहीं, घटना के बाद तीनों आरोपी मौके से फ़रार हो गए। पुलिस ने मामला दजज़ कर, जांच में लिया है। पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि भावना परिहार पिता पप्पू परिहार 19 वषज़ ने बताया कि वह नगर निगम ऑफ़िस के पीछे गोरखपुर निवासी है और विवाह समारोह में शामिल होने गोकलपुर सामुदायिक भवन आई थी। तभी रात को तीन बदमाश आए और गालीगलौच करने लगे।

स्थापना 1948 74 वर्षों का आपका विश्वास
मंदिर छाप छाता
छाते ही छाते
निर्माता- लक्ष्मी अम्ब्रेला इंडस्ट्रीज
905 जवाहरगंज जबलपुर (मप्र) फो. 0761-2481944
लक्ष्मी एम्पोरियम 905 जवाहरगंज जबलपुर (मप्र) फो. 0761-2481229
अधिकृत विक्रेता प्लास्टिक सिल्पोलिन तिरपाल के थोक विक्रेता मो. 9826116661
न्यू लक्ष्मी एम्पोरियम 3/15 सिविक सेंटर मढ़ाताल जबलपुर (मप्र) फो. 0761-2481262,2481362

गैलेक्सी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
मध्य भारत का तेजी से उभरता हुआ, सर्वप्रथम होलीस्टिक हॉस्पिटल
आयुष्मान एवं सभी प्रकार के टीपीए की सुविधा
आर्यरा AaryAra (illuminate AspiratioN)
उखरी तिराहा, विजय नगर, जबलपुर (मप्र)-482003
0761-4017010, 4027010, 2647010 Helpline 881983000,7777877708
galaxyhospitaljbpweb@gmail.com, galaxyhospitaljbp2020@gmail.com www.galaxyhospitaljbp.com

अनंत मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल AIMS
NABH ACCREDITED & ISO 900: 2015 CERTIFIED HOSPITAL
विगत 22 वर्षो से पीड़ित मानवता की सेवा में सेवारत
24 x 7 • न्यूरो सर्जरी • फैक्चर सर्जरी • गैस्ट्रो सर्जरी • बर्न सर्जरी
ट्रामा सेन्टर 24 घण्टे उपलब्ध
बिचोलियों एवं गुमराह करने वाले लोगों से सावधान
हॉस्पिटल से सीधा सम्पर्क करें, हमारे विशेषज्ञ आपकी बेहतर सेवा के लिए 24 घण्टे उपलब्ध हैं
मदन महल रेल्वे स्टेशन रोड, राईट टाउन, जबलपुर
फोन नं. 0761 - 4006484/ 96,7400779494,7400799494,7400809494,8234821556

आपका शैल्बी, आपका हेल्थ पार्टनर
अधिक जानकारी व अपॉइंटमेंट हेतु संपर्क : +91 95758 01200
28 YEARS OF EXPERT HEALTHCARE
SHALBY MULTI-SPECIALTY HOSPITALS
In association with SMJ Trust
शैल्बी हॉस्पिटल्स
प्लाट नं. 5, अहिंसा चौक, विजय नगर, जबलपुर (म.प्र.)
24/7 Emergency & Pharmacy
Emergency No. 95758 01020
www.shalby.org

अमर शहीद स्मृति मेला
मनोरंजन से भरपूर
राजस्थानी कठपुतली शो
डंकी सर्कस
खाना-खरीदी मनोरंजन
आधुनिक झूले
हंसी घर एवं भूत बंगला
विशेष आकर्षण
स्थान -गोलबाजार मैदान, जबलपुर
प्रतिदिन सायं 5.30 से रात्रि 10.30 तक
प्रवेश द्वार रानीताल चौक के सामने वाले गेट से

14 आयुर्वेदिक दर्दनाशक तेलों का मिश्रण
मामजेसिक
तीव्र दर्दनाशक तेल / क्रीम
कमर, पीठ, गर्दन, जोड़ों एवं घुटने का दर्द, कंधे एवं कूल्हों का दर्द, अंदरूनी चोट, मोच-सूजन, मॉसपेशियों में खिंचाव-लचकना, पिंडलियों, पंजों, हड्डियों एवं पसलियों में दर्द, हाथ-पैर में झुनझुनी, कम्पन्न, कमजोरी, जॉंघों में दर्द हेतु अत्यंत प्रभावशाली एवं गहराई तक असरकारक...
लकवा रोगियों हेतु अत्यंत लाभदायक
मामजेसिक तीव्र दर्दनाशक तेल / क्रीम
9826035091 सभी मेडीकल स्टोर्स में उपलब्ध

हृदय रोग जांच एवं परामर्श
डॉ. इसरार अहमद
M.B.B.S., PGDCC (Dip.Card), CCEBDM, FNIC
Fellowship in Echocardeography
हार्ट अटेक (हृदयघात) | उच्च रक्तचाप | घबराहट व धड़कन बढ़ना
सीने में दर्द व भारीपन | बी.पी.का बढ़ना या घटना | बिना वजह पसीना आना
दिन- सोमवार से शनिवार समय- शाम 7:00 से 9:30
मो. 9717459755 / फोन - 0761-2443366

R.O. WATER बर्फ से निर्मित
आईस बर्फ गोला
नीबू सोडा, शिकंजी, मसाला छाछ, लस्सी, आईसक्रीम, कोल्ड काफी, मिल्क शेक
सांची कूल जोंन
एकता चौक विजय नगर,मो. 7974758785

ग्रीन वुड्स रिसॉर्ट
बांधवगढ़ में सबसे ज्यादा आराम प्रिय AC कॉटेज में रुकना
सिर्फ 999*/- में
यह ऑफर 30 जून तक
शादी, कॉकटेल डिनर, जन्मदिन की पार्टी कॉर्पोरेट इवेंट, बैचलर पार्टी सालगिरह या अन्य सभी अवसरों का यादगार आयोजन कराने की सुविधा उपलब्ध है
6 एकड़ में रिसॉर्ट, एसी कॉटेज, 3 पार्टी लॉन, स्विमिंग पूल, आकर्षक सजावट और लाईट व्यवस्था, डीजे संगीत, स्वदेशी व्यंजनों की सुविधा उपलब्ध, प्राकृतिक सुंदरता
सब कुछ आपके बजट में
एक बार सेवा का मौका अवश्य दें
जबलपुर-7974168871,बांधवगढ़-7770854777
सोम ग्रुप

मॉं शक्ति
एकवा आरो सिस्टम
सभी प्रकार के आरो सैल्स एवं सर्विस के लिए सम्पर्क करें :
मो.- 9074629210
अब अपने RO की सर्विसिग कराएं वो भी बिल्कुल फ्री
पता- शंकर नगर करमेता, जबलपुर

अब नई शृंखला के साथ
KARAN SHOES
MALVIYA CHOWK | ANAND CINEMA ROAD NEAR 4th BRIDGE | KATANGA CROSSING | NAYA BAZAR MALVIYA CHOWK

Roasted Food Junction
न्यू शो रूम
जनता साइकिल के बाजू से बड़ी ओमती चौक, जबलपुर
फ्रुट आयटम उपलब्ध
रोस्टेट नमकीन, सत्तू, रोस्टेट ड्राई फ्रूड, बकेट टोस्ट, केला चिप्स, पीनट चिक्की, ड्राईभेज, बिस्केट, फुल्की, रोस्टेट पीनट
Pure & Tasty AK's Special
मनोज संगतानी मो. 9301997304

अब मुम्बई का मजा जबलपुर में
Sea WoRlD A Fantastic Water World
SEA-WORLD WATER PARK & HOTEL
Contact us :- Gram Tewar, Bhedaghat Road jabalpur (M.P), 9977005949,9993093354, 8085453573

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा जनपक्ष प्रिंटिंग एवं पब्लिशिंग, गोपालबाग जबलपुर-2 से मुद्रित एवं 160/जी, जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। सम्पादक श्याम कटारे*। फोन ( 0761 ) 2643333, 2646666, फैक्स : 4084085। डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/2022-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/18675. email - jabalpur@yashbharat.com ( न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर )